www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 350 || अम्बेडकरनगर
गुरूवार
19 मार्च 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:13
सूर्यास्तः 06:16
अधिकतमः 34°00
न्यूनतमः 21°00



पेज 07

विशेष समाचार | पश्चिम बंगाल चुनावः सत्ता ... >>पेज 04 | सिलेंडर के लिए 8 किमी... >>पेज 06 | शाहरुख फिर करेंगे ...

## अमेरिका-इजराइल का ईरान की सबसे बड़ी गैस फील्ड पर हमला

# इजरायली हमले में ईरान के इंटेलिजेंस मंत्री की मौत

**जंग**

तसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान । मिडिल-ईस्ट में जारी जंग के बीच अमेरिका-इजराइल ने अब ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक अमेरिका और इजराइल ने दक्षिणी ईरान में साउथ पार्स गैस फील्ड और असालुयेह शहर की तेल-गैस सुविधाओं पर एयरस्ट्राइक की है। साउथ पार्स दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस फील्ड माना जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले में गैस के साथ-साथ पेट्रोकेमिकल और तेल इंफ्रास्ट्रक्चर को भी निशाना बनाया गया है। इजराइली मीडिया ने भी बुशेहर क्षेत्र में गैस फैसिलिटी पर हमले की जानकारी दी है।

>> (शेष पेज 06 पर)



तेल फैसिलिटीज पर भी एयरस्ट्राइक

### इजराइली रक्षा मंत्री बोले- आज बड़े सरप्राइज देंगे

### रूस ने ईरान में न्यूक्लियर प्लांट के पास हमले की निंदा की

रूस ने ईरान के बुशेहर न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास हुए हमले की कड़ी निंदा की है। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि यह हमला परमाणु ऊर्जा इकाई से कुछ ही मीटर की दूरी पर हुआ, जो बेहद खतरनाक है। रूस ने अमेरिका और इजराइल से ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले तुरंत रोकने की अपील की है। हालांकि ईरान ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) को बताया है कि इस हमले में किसी तरह का नुकसान या हताहत नहीं हुआ।

### कतर ने ईरान के गैस फील्ड पर हमले की निंदा की

कतर ने ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड से जुड़ी सुविधाओं पर हुए हमले को लेकर कड़ी निंदा की है। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने कहा कि ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाना बेहद खतरनाक और गैर-जिम्मेदाराना कदम है। उन्होंने कहा कि यह गैस फील्ड कतर के नॉर्थ फील्ड का विस्तार है और इस पर हमला वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा पैदा करता है। कतर ने चेतावनी दी कि इस तरह के हमले क्षेत्र की स्थिरता, पर्यावरण और आम लोगों के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकते हैं। साथ ही कतर ने सभी पक्षों से संयम बरतने, अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने और तनाव कम करने की अपील की है।



### ईरान बोला-सऊदी, यूएई और कतर के तेल ठिकाने निशाने पर

ईरान ने खाड़ी देशों में बड़े हमलों की चेतावनी दी है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने लोगों से सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर के प्रमुख तेल और गैस ठिकानों से दूर रहने को कहा है। IRGC के मुताबिक आने वाले घंटों में इन ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाया जा सकता है। यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब ईरानी मीडिया ने अमेरिका और इजराइल पर साउथ पार्स गैस फील्ड पर हमले का आरोप लगाया है।

### ईरान में देश विरोधी गतिविधियों के आरोप में सैकड़ों गिरफ्तार

ईरान ने देश विरोधी गतिविधियों के आरोप में सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया है। ईरान के इंटेलिजेंस मंत्रालय के मुताबिक देशभर में चलाए गए ऑपरेशन में 26 प्रांतों में 111 नेटवर्क को खत्म किया गया, जो सरकार विरोधी गतिविधियों में शामिल थे।

मंत्रालय ने दावा किया कि गिरफ्तार लोगों के पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं और ये लोग अमेरिका और इजराइल से जुड़े हितों को बढ़ावा दे रहे थे। सरकार ने 21 लोगों को विदेशी मीडिया को वीडियो भेजने के आरोप में भी पकड़ा है। इसके अलावा 350 स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट डिवाइस जब्त किए गए हैं, जिन्हें कथित तौर पर तस्करी के जरिए लाया जा रहा था। ईरान में जारी इंटरनेट शटडाउन के बीच सरकार ने आम लोगों से संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देने की अपील की है।

### ईरान जंग में मारे जाने वाले प्रमुख नेता/अधिकारी




**ईरान ने अपने साउथ पार्स गैस फील्ड और अन्य ऊर्जा ठिकानों पर हुए हमलों के जवाब में इजराइल पर मिसाइलें दागी हैं। इजराइली सेना के मुताबिक ईरान की ओर से दागी गई मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने के लिए एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय कर दिए गए हैं।**

### गैस फील्ड पर हमले के जवाब में ईरान ने इजराइल पर मिसाइल दागीं

सेना ने बताया कि संभावित निशाने वाले इलाकों में लोगों को मोबाइल अलर्ट भेजकर तुरंत शेल्टर में जाने के निर्देश दिए गए हैं। हमले में किसी बड़े नुकसान या हताहत की जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है।

## सुप्रीम कोर्ट ईडी रेड में ममता की दखलंदाजी से नाराज

### कहा- आई-पीएसी दफ्तर पहुंचकर आपने ठीक नहीं किया

**सुनवाई**

तसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को I-PAC के ऑफिस में प्रवर्तन निदेशालय (ED) की रेड के दौरान पश्चिम बंगाल की सीएम के अचानक पहुंचने पर सवाल उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आपने वहां पहुंचकर ठीक नहीं किया। ऐसे असामान्य हालात में केंद्रीय एजेंसी को क्या करना चाहिए। अगर कल कोई और मुख्यमंत्री भी ऐसी छापेमारी में घुस जाए तो क्या ED के पास कोई समाधान नहीं होगा।

ED ने सुप्रीम कोर्ट में ममता के I-PAC के कार्यालय और प्रतीक जैन के घर और कार्यालय से लैपटॉप, फोन और कई दस्तावेज ले

**■ ईडी बोली- राज्य में सत्ता का दुरुपयोग**

जाने को सत्ता का गंभीर दुरुपयोग बताया है। एजेंसी ने मुख्यमंत्री और उनके साथ आए अधिकारियों के खिलाफ पुलिस केस दर्ज करने की मांग भी की है। 8 जनवरी को ED की टीम ने प्रतीक जैन के कोलकाता के गुलाउडन स्ट्रीट स्थित घर और दूसरी टीम सॉल्टलेक स्थित दफ्तर पर छापा मारा था।

>> (शेष पेज 06 पर)

## इंदौर में ईवी ब्लास्ट एक साथ सात चिताएं जलीं

### घर के डिजिटल लॉक नहीं खुलने से 8 की मौत

**दुर्घटना**

तसा संकेत, एजेंसी



इंदौर । इंदौर में इलेक्ट्रिक कार टाटा पंच में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। घटना बुधवार तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच बंगाली चौराहे के पास ग्रेटर बृजेश्वरी कॉलोनी

**■ पीएम-सीएम ने दुख जताया, मृतकों के परिजन को मिलेंगे 2 लाख**

की है। पुलिस के अनुसार, आग ने घर के अंदर रखे गैस सिलेंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे एक के बाद एक सिलेंडर फटने लगे। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा ढह गया।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### सीरिया-लीबिया जंग में शामिल रहा यूएस नागरिक भारत में गिरफ्तार

नई दिल्ली । नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) ने अमेरिकी नागरिक मैथ्यू एरॉन वैन डाइक और छह यूक्रेनी नागरिकों को दिल्ली, लखनऊ और कोलकाता से गिरफ्तार किया है।

**दर्दनाक घटना**

### दिल्ली में 4 मंजिला बिल्डिंग में आग, 9 मौतें

नई दिल्ली। दिल्ली के पालम स्थित साध नगर में एक रिहायशी 4 मंजिला बिल्डिंग में बुधवार सुबह करीब 7 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 3 नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। 2 लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से छलांग लगा दी।

दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। दिल्ली फायर सर्विस (DFS) के कर्मियों ने 10 लोगों का रेक्स्यू किया है। इनमें 3 लोग घायल हैं। करीब 30 फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### गुजरात में 2 साल पहले हुई इंटर-कास्ट मैरिज पर बवाल

थराद । गुजरात की थराद जिले में करीब 2 साल पहले हुई इंटर कास्ट मैरिज को लेकर चौधरी और रबारी समुदाय के लोग आमने सामने हैं। बुधवार को थराद में चौधरी समुदाय का महासम्मेलन हुआ। इसमें उत्तर गुजरात और राजस्थान के अंजना चौधरी समुदाय के नेताओं समेत बड़ी संख्या में लोग जमा हुए थे।

### 'तू-तड़ाक करते हैं, उन्हें देखकर महिलाएं अनकम्फर्टेबल फील करती हैं'

# राहुल टपोरी की तरह संसद आते हैं : कंगना

**टिप्पणी**

तसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । भाजपा सांसद कंगना रनौत ने बुधवार को संसद के बाहर कहा- राहुल को देखकर हम महिलाओं को काफी अनकम्फर्टेबल फील होता है। उन्होंने कहा-वह टपोरी की तरह आते हैं, तू-तड़ाक करते हैं। इंटरव्यू दे रहे लोगों को परेशान करते हैं। कहते हैं- आजाआजा। उन्हें अपनी बहन को देखना चाहिए। उनका व्यवहार बहुत अच्छा है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष बोले- कंगना को संसद स्टूडियो लगता है

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह ने कहा- कंगना को लगता है कि संसद कोई स्टूडियो है, जहां अच्छे कपड़े पहनकर, पूरी तरह तैयार होकर और एक्टिंग करनी होती है। उन्हें क्यों लगता है कि राहुल टपोरी की तरह व्यवहार करते हैं? राहुल गांधी यहां फिल्म बनाने नहीं आते हैं।

### कांग्रेस सांसद बोलीं- कंगना को राहुल पर बोलने का हक नहीं

कांग्रेस सांसद ज्योतिमणि ने भाजपा सांसद कंगना रनौत पर कहा- कंगना रनौत की बातें उनके चरित्र को दर्शाती हैं। सिर्फ अच्छे कपड़े पहन लेने या सेलिब्रिटी होने से कोई अच्छा इंसान नहीं बन जाता। यही उनकी राजनीति का स्तर है, इसलिए वास्तव में उन्हें राहुल गांधी के बारे में बोलने का कोई अधिकार नहीं है।

# योगी सरकार के नौ वर्ष

**कार्यक्रम**

- **नवनिर्माण के नौ वर्ष' पुस्तक का हुआ विमोचन**
- **मुख्यमंत्री बोले अब दंगे खत्म और निवेश बढ़ा, किसान से लेकर नौजवान तक सभी को मिला लाभ**
- **निराश्रित महिला, वृद्ध व दिव्यांगजन पेंशन जल्द वृद्धि करेगी कैबिनेट, 1.06 करोड़ को मिलेगा फायदा**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। योगी आदित्यनाथ सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में

### सुरक्षा, निवेश और विकास यूपी की नई पहचान

#### संवाद के माध्यम से उपलब्धियों को करेंगे साझा

मुख्यमंत्री ने बताया कि इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नौ विषयों पर आधारित नौ दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह नवरात्रि से प्रारंभ हो रहा है।

इसका उद्देश्य है कि यह जन-चर्चा का विषय बने और समाज के सभी वर्ग, युवा, किसान, श्रमिक, महिलाएं और गरीब इसमें सहभागी बनें। संवाद के माध्यम से न केवल नौ वर्षों की उपलब्धियों को साझा किया जाएगा, बल्कि आने वाले समय के लिए विकास का विजन भी तय किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हुए व्यापक बदलावों का उल्लेख करते हुए इसे "नवनिर्माण का कालखंड" बताया है। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन, भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम और जनता के सहयोग का परिणाम है। नौ वर्षों में प्रदेश का चेहरा बदला है।

>> (शेष पेज 06 पर)



**उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी व सहयोगी दलों के मंत्रियों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने 'नवनिर्माण के नौ वर्ष' पुस्तक का विमोचन किया। प्रदेश की सीमाओं पर नौ स्वागत द्वार का भी मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर आनलाइन शुभारंभ किया।**

### दहशतः पासपोर्ट कार्यालय खाली कराया गया, बम निरोधक दस्ते की जांच में कुछ नहीं मिला

# डाकघर में बम की सूचना से हड़कंप

बृजेन्द्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। अकबरपुर स्थित प्रधान डाकघर के पासपोर्ट कार्यालय में बुधवार को बम की सूचना मिलने से अफरात-फरी की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही कार्यालय में मौजूद सभी ग्राहकों और कर्मचारियों को तत्काल बाहर निकाल दिया गया। कुछ ही देर में पुलिस, एलआईयू और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया। पूरे परिसर की गहन जांच की गई, लेकिन देर शाम तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। घटना की शुरुआत उस समय हुई जब क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ को एक ई-मेल के जरिए डाकघर परिसर में बम रखे होने की सूचना मिली। मेल भेजने वाले ने खुद को 'तमिल मुक्ति संगठन' से जुड़ा बताया।

>> (शेष पेज 06 पर)







**करीब कई घंटे तक चले सर्च अभियान के बाद स्थिति सामान्य घोषित कर दी गई। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे परिसर को सुरक्षित बताया। इसके बाद धीरे-धीरे कार्यालय का कामकाज सामान्य किया गया।**

### सूचना मिलते ही सक्रिय हुई सुरक्षा एजेंसियां

मेल की जानकारी मिलते ही पोस्टमास्टर नूतन सिंह ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद अकबरपुर कोतवाली पुलिस, एलआईयू टीम और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने डाकघर के हर हिस्से की बारीकी से जांच की। छत, कमरों और वॉशरूम तक की तलाशी ली गई। जांच के दौरान किसी भी तरह का विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली।

### खड़गे बोले- देवगौड़ा ने मोहब्बत हमसे, शादी मोदीजी से की

नई दिल्ली । राज्यसभा में बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी स्पीच के दौरान पूर्व पीएम और जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष एचडी देवगौड़ा का जिक्र किया। उन्होंने कहा- मुझे पता नहीं कि उन्हें (देवगौड़ा) क्या हुआ। उन्होंने मोहब्बत हमसे की, लेकिन शादी मोदीजी के साथ की। खड़गे की बात सुनकर राज्यसभा में मौजूद सभी लोग ठहाके लगाने लगे। प्रधानमंत्री मोदी भी हंसते हुए नजर आए। खड़गे की टिप्पणी पर देवगौड़ा ने देर शाम एक लेटर लिखकर जवाब दिया और बताया जब खड़गे सदन में बोल रहे थे, तब वे वहां मौजूद नहीं थे। देवगौड़ा ने आगे लिखा- अगर मैं अपने मित्र खड़गे को उसी शादी वाली भाषा में जवाब दूं, तो मैं कहना चाहूंगा कि मैं कांग्रेस के साथ जबरन शादी में था, लेकिन वह एक अपमानजनक रिश्ता था, इसलिए मुझे उनसे तलाक लेना पड़ा।

## राजस्थान में एथेनॉल से भरा टैंकर पलटा, लगी आग

### नेशनल हाईवे पर 200 मीटर तक लपटें फैली

**हादसा**

तसा संकेत, एजेंसी



सांचौर (जालोर) । राजस्थान के जालोर जिले में जैसलमेर-जामनगर नेशनल हाईवे (NH-68) पर एथेनॉल से भरा टैंकर पलट गया और उसमें आग लग गई। इसके बाद सड़क पर 200 मीटर तक लपटें फैल गई। टैंकर का ड्राइवर जिंदा जल गया, जबकि उसके साथ बैठा भाई समय रहते कूद गया। हादसा बुधवार दोपहर करीब 2 बजे हुआ। फायर ब्रिगेड ने 1 घंटे बाद आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार, टैंकर बाड़मेर से गुजरात की तरफ जा रहा था। इस दौरान सिंवाड़ा ओवरब्रिज पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सांचौर

**■ ड्राइवर जिंदा जला, भाई ने कूदकर जान बचाई**

एसडीएम प्रमोद कुमार और सिंवाड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। चितलवाना थाने के ASI मोहनलाल ने बताया- गुजरात नंबर (GJ-12-BZ-9820) का टैंकर बाड़मेर से गुजरात की ओर जा रहा था। हादसे में बाड़मेर के गुड़ामालानी के मोखावा निवासी ड्राइवर सुखराम (34) पुत्र देदाराम मेघवाल की मौत हो गई।

>> (शेष पेज 06 पर)

## म्यांमार में आतंकियों को ट्रेनिंग दे रहे थे, ड्रोन से दहशत फैलाने की प्लानिंग थी

# आतंकी साजिश रचने वाले 3 यूक्रेनी सैनिक गिरफ्तार

**कार्रवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी



NIA ने लखनऊ एयरपोर्ट से अरेस्ट 3 यूक्रेनी नागरिकों के बुधवार को फोटो जारी किए हैं।

लखनऊ। लखनऊ से NIA ने 3 पूर्व यूक्रेनी सैनिकों को अरेस्ट किया है। तीनों ने म्यांमार में आतंकियों को ट्रेनिंग दी थी। ये सभी भारत की सुरक्षा के खिलाफ साजिश रच रहे थे। इनके संबंध अंतरराष्ट्रीय ड्रोन-आतंकी नेटवर्क से भी बताए जा रहे। NIA ने इस नेटवर्क से जुड़े 4 और आरोपियों को दिल्ली एयरपोर्ट से पकड़ा है।

NIA के सूत्रों ने बताया- लखनऊ एयरपोर्ट से 13 मार्च को 3 यूक्रेनी नागरिकों पेट्रो हुरबा (36), तारास स्लिवियाक (37) और इवान सुकमानोव्स्की (34) को गिरफ्तार किया गया। ये आरोपी ड्रोन तकनीकी के खास जानकार हैं। तीनों म्यांमार से ही आतंकी नेटवर्क को मजबूत करने में जुटे थे। लखनऊ पहुंचने के बाद तीनों यूक्रेनी नागरिकों ने एयरपोर्ट के पास एक होटल में कमरा लिया था। होटल स्टाफ ने आरोपियों से पहचान संबंधी दस्तावेज मांगे और उनसे फॉर्म C भरवाया गया। आरोपियों की जानकारी संदिग्ध लगी, जिसके बाद इनकी डिटेल एजेंसी और एम्बेसी के साथ साझा की गई।

शुरुआती जांच में तीनों युवकों की गतिविधि को लेकर अलर्ट जारी हुआ, जिसके बाद मामला इमिग्रेशन विभाग तक पहुंचा। यहीं से इन तीनों की मूवमेंट पर नजर रखी जाने लगी। पूरी तरह से कंफर्मेशन के बाद एयरपोर्ट पर आरोपियों की घेराबंदी की तैयारी की गई।

जांच में सामने आया कि ये तीनों यूक्रेनी नागरिक गुवाहाटी से लखनऊ पहुंचे थे। इनका यहां पर केवल एक दिन रुकने का प्लान था। इन्होंने 'केल्लुम' (कुआलालंपुर) के लिए फ्लाइट टिकट पहले से बुक कर रखी थी।

### यूएई से भारत, फिर म्यांमार गए

NIA की जांच में सामने आया है कि तीनों पूर्व यूक्रेनी सैनिक 18 दिसंबर, 2025 को संयुक्त अरब अमीरात से भारत आए थे। इसके बाद ये मिजोरम के रास्ते म्यांमार के चिन राज्य में पहुंचे, जहां इन्होंने आतंकी संगठनों से संपर्क किया। नेटवर्क यूरोप से ड्रोन के बड़े कंसाइनमेंट म्यांमार तक पहुंचाने में लगा था। इन ड्रोन का इस्तेमाल "Ethnic Armed Groups" (EAGs) के जरिए किया जाना था, जो आगे भारत के प्रतिबंधित संगठनों को हथियार, तकनीक और ट्रेनिंग देने का काम करते। जांच एजेंसी के मुताबिक, ये गतिविधि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती थी।

**एनआईए ने बड़े ऑपरेशन के तहत एक अमेरिकी नागरिक मैथ्यू एरॉन वैन डाइक को कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया। एजेंसी के मुताबिक, मैथ्यू म्यांमार में उग्रवादियों को हथियार और ट्रेनिंग देने में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। वहीं, दिल्ली एयरपोर्ट से अरेस्ट चार अन्य यूक्रेनी नागरिकों की भी नेटवर्क में खास भूमिका थी।**

# राजधानी में पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

## गोमतीनगर में पुलिस-वीटीएस टीम मौके पर मौजूद, चौकसी बढ़ी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित रीजनल पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और वीटीएस (विस्फोटक जांच टीम) मौके पर पहुंच गई और पूरे परिसर की जांच शुरू कर दी।

इलाके में चौकसी बढ़ा दी गई है। आसपास के इलाकों में सख्ती बढ़ा दी गई है। फिलहाल, ऑफिस में किसी की भी आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। वहां मौजूद हर व्यक्ति और सामान की जांच की जा रही है। धमकी की सूचना मिलते ही गोमतीनगर पुलिस और वीटीएस की टीम तुरंत हरकत में आ गई। टीम ने पासपोर्ट कार्यालय के अंदर और आसपास के इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। घटना के बाद पूरे



क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पासपोर्ट कार्यालय में आने-जाने वाले लोगों की सघन जांच की जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, धमकी किस माध्यम से दी गई और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं, इसकी जांच की जा रही है। तकनीकी टीम भी इस मामले में जुटी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं और हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। पासपोर्ट ऑफिस को जो ईमेल मिला है उसमें लिखा है- पाकिस्तान के जासूसों, वॉशरूम में 19 साइनाइड गैस बम लगाए गए हैं, जो दोपहर 2:10 बजे फटेंगे। ईमेल में कर्मचारियों को तत्काल बाहर निकलने और नाक-मुंह ढकने की चेतावनी दी जा रही है।

तमिलनाडु के मीडिया मालिक ज्यादातर बहुत ही गरीब हैं। NGO और PETA और फॉर्ड फाउंडेशन जैसे अपने निजी स्वार्थ वाले संगठनों के पास विदेशी मुद्रा में कुछ चंदे से भी अधिक पैसे हैं। वे अपने पैसे से तमिलनाडु में इन विदेशी एजेंडों को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं

**फास्ट न्यूज**

### चलती ट्रेन में अटेंडेंट ने युवती को छेड़ा

लखनऊ। मध्य प्रदेश की एक युवती को लखनऊ बुलाकर धर्मांतरण कराने की कोशिश पकड़ी गई है। बलरामपुर के युवक ने उससे इंस्टाग्राम पर खुद को CRPF का कमांडेंट बताकर दोस्ती की। उसे लखनऊ में नौकरी दिलाने के नाम पर बुलाया। यहां से बलरामपुर ले जाने वाला था। उससे पहले ही युवती के साथ ट्रेन में छेड़खानी हुई तो मुस्लिम युवक पकड़ा गया। युवक की पहचान बलरामपुर के तुलसीपुर के सैय्यद सलामत हुसैन के रूप में हुई है।

### दरोगा भर्ती परीक्षा में सवाल के विवाद के बीच होर्डिंग

लखनऊ। यूपी पुलिस की दरोगा भर्ती परीक्षा में आए एक सवाल पर विवाद रुक नहीं रहा है। लखनऊ में सपा दफ्तर के बाहर मंगलवार रात इस पर एक होर्डिंग लगा दिया गया। इस पर लिखा है- हां, मैं हूं अवसरवादी...। इस होर्डिंग पर नीचे लिखा है- सिद्धार्थ मिश्रा, जलालपुर, अंबेडकरनगर।

इससे पहले कल ही दिन में एक भगवाधारी युवक यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड के मुख्यालय सुसाइड करने पहुंच गया था। उसने खुद पर बॉटल से केरोसीन छिड़कना शुरू कर दिया। देखते ही वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया।

### फर्नीचर दुकान से 1.50 लाख कैश चोरी

बख्शी का तालाब। लखनऊ के सैरपुर इलाके में मंगलवार रात एक फर्नीचर की दुकान में चोरी की बड़ी वारदात हुई। चोर बंद पड़ी दुकान से करीब 1.50 लाख रुपये नकद और सीसीटीवी का डीवीआर (DVR) लेकर फरार हो गए। यह घटना सैरपुर क्षेत्र के छठा मील चौराहे के पास स्थित सौरभ फर्नीचर की दुकान में हुई।

दुकान मालिक मनोज गुप्ता ने बताया कि वे मंगलवार रात करीब 8:30 बजे दुकान बंद कर अपने घर रहीमनगर डुडौली चले गए थे।

# नाना-नानी से बच्ची को मिलाने लाए दामाद की हत्या

## 4 सालियों ने कमरे में बंद कर मारा, बचाने आई पत्नी को भी पीटा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में 3 साल की बेटी को नाना-नानी से मिलाने आए दामाद की ससुरालवालों ने हत्या कर दी। आरोप है कि सास-ससुर, चचिया ससुर और सालियों ने मिलकर दामाद को कमरे में बंद कर दिया और जमकर पीटा। इस दौरान उसकी पत्नी बीच-बचाव करती रही, लेकिन ससुरालवाले नहीं माने। ससुर ने चारपाई का पाया दामाद के सिर पर मार दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना लखनऊ के आशियाना इलाके की मंगलवार (17 मार्च) रात की है। सेक्टर-आई स्थित मकान नंबर ए-1061 में रहने वाले तीर्थराज सिंह के यहां रविवार (15 मार्च) को नातिन को लेकर बेटी-दामाद आए।



यह तीर्थराज सिंह और उसकी पत्नी सरोज है, जिन पर दामाद विष्णु की हत्या करने का आरोप है। (फाइल)

वे लोग तभी से यहां रुके थे। मंगलवार रात में खाना खाने के बाद उनके बीच झगड़ा शुरू हो गया। इसी के बाद ससुरालवालों ने वारदात को अंजाम दिया। तीर्थराज सिंह लखनऊ हाईकोर्ट में वकील है। वह आशियाना सेक्टर-I स्थित मकान संख्या ए-1061 में पत्नी सरोज और 5 बेटियों राधा, साक्षी, रत्ना, ज्योति और विधि सिंह के साथ रहता है। 4 साल पहले उसकी मझली बेटी साक्षी ने प्रतापगढ़ के विष्णु यादव से लव मैरिज कर ली थी। तीर्थराज और परिवारवाले बेटी की इस शादी के खिलाफ थे।

इसीलिए तीर्थराज, विष्णु से कम बातचीत करते थे। स्थानीय पार्षद कमलेश सिंह ने बताया- तीर्थराज अपनी गाड़ी में भाजपा का झंडा लगाकर चलता है। दबंग व्यक्ति है। डेढ़ साल पहले एक सब्जी वाले को भी बुरी तरह पीटा था। मृतक विष्णु यादव (30) के पिता छेदीलाल यादव बेटे की हत्या की सूचना मिलते ही प्रतापगढ़ से लखनऊ पहुंचे। उन्होंने आशियाना थाने में लिखित शिकायत दी।

## गोरखपुर हत्याकांड, भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था पर सरकार को घेरा

# 'यूपी में लॉ एंड ऑर्डर को गोली मार दी गई'

## अखिलेश यादव का भाजपा पर तीखा हमला

**दावा**

**2027 में बदलाव का किया दावा**

तमस संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में "लॉ एंड ऑर्डर को ही गोली मार दी गई है" और अब हालात ऐसे हो गए हैं कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

गोरखपुर में पूर्व पार्षद की दिनदहाड़े हत्या का जिक्र करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि यह घटना साफ तौर पर दिखाती है कि



अपराधियों को किसका संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि जनता सब समझ रही है और सही समय पर जवाब देगी। इसके साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में हर विभाग में लूट मची है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को भ्रष्टाचार के दलदल में धकेल दिया है।

अंत में अखिलेश यादव ने दावा किया कि जनता अब भाजपा के दावों को समझ चुकी है और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में बदलाव तय है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में प्रदेश को अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाएगा।

> **सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जबकि महिलाएं और बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उनके मुताबिक प्रदेश में गुंडों, माफियाओं और दबंगों का दबदबा बढ़ गया है और सरकार का "जीरो टॉलरेंस" का दावा पूरी तरह विफल साबित हुआ है।**

### अब सरकार खुद से वसूली कराएगी

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी अखिलेश यादव ने सरकार को घेरा। उन्होंने लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर निर्माण में कथित गड़बड़ियों का जिक्र करते हुए कहा कि उद्घाटन के कुछ ही दिनों बाद उसकी स्थिति बिगड़ जाना गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब सरकार खुद से वसूली कराएगी या खुद पर बुलडोजर चलवाएगी।

## नसीमुद्दीन सिद्दीकी के आवास पर आयोजित रोजा इफ्तार में जुटे सपा के दिग्गज

# गंगा-जमुनी तहजीब ही देश की असली पहचान : अखिलेश यादव

तमस संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के कैंट स्थित आवास पर बुधवार को आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में सियासी और सामाजिक सौहार्द का खास नजारा देखने को मिला। कार्यक्रम में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मुख्य रूप से शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भारत की पहचान उसकी गंगा-जमुनी तहजीब और सांस्कृतिक विविधता में निहित है। उन्होंने कहा कि होली और ईद जैसे त्योहारों पर एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियां मनाना ही असली भारतीयता है। समाज में



आपसी भाईचारा और मेल-जोल जितना मजबूत होगा, देश उतनी ही तेजी से तरक्की करेगा।

इफ्तार कार्यक्रम में ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रसीद फिरंगी महली ने नमाज की अगुवाई की। इसके बाद सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा खोला और देश-प्रदेश में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ की।

इस मौके पर विधायकगण फरीद किदवई, नासिर कुरैशी, नवाब जान, इरफान सोलंकी, रविदास मेहरोत्रा, जासमीर अंसारी, रूमी हसन, नसीम सोलंकी, शहजिल इस्लाम और अताउर्रहमान सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इसके अलावा पूर्व एमएलसी सुनील साजन, प्रवक्ता अनुराग भदौरिया, नवाजिश मंजूर, सीएल वर्मा और जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत समेत अन्य पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।



- **इस अवसर पर उनके साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।**
- **शहर के गणमान्य नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं की भी बड़ी संख्या में भागीदारी रही।**

# धुरंधर की हुई धुआंधार शुरुआत पेड प्रीव्यू शोज में 75% सिनेमाघरों की सीटें फुल

## अगले 4 दिन के सभी शो हाउसफुल

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। रणवीर सिंह की मोस्ट अवेटेड फिल्म धुरंधरः द रिवेंज को लेकर दर्शकों में जबरदस्त क्रेज है। आज फिल्म का पेड प्रीव्यू शो शाम 5 बजे से शुरु हो गया है। फिल्म के पहले पार्ट ने लगभग 1300 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। अब 19 मार्च को इसकी पार्ट- 2 रिलीज हो रही है।

लेकिन, उससे पहले ही लखनऊ में आधे से अधिक शो की एडवांस बुकिंग हो गई है। पेड प्रीव्यू शोज में 75% से ज्यादा सिनेमाघरों की सीटें फुल रहीं। इसके लिए टिकट की कीमतें 400 रुपए से लेकर 800 रुपए तक रखी गईं। अगले 4 दिन के सभी शो हाउसफुल हैं।

ऐसे में आइए आपको बताते हैं कि क्या है धुंरधर द रिवेंज के टिकट की कीमत? आखिर क्यों पड़ी स्पेशल स्क्रीनिंग की जरूरत ? सेंसर बोर्ड ने कितने कट लगाए? कौन सा सर्टिफिकेट दिया? सारे सवालो के




जवाब जानिए इस रिपोर्ट में

धुरंधर 2 के पेड प्रीव्यू शो को लेकर लखनऊ में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। पीवीआर, इनॉक्स, फीनिक्स और लुलु मॉल के पीवीआर सुपरप्लेक्स में प्रीमियम शो की भारी डिमांड है।

शाम 5 बजे से लेकर देर रात तक लगातार शो चल रहे हैं। एक-एक हॉल में करीब हर 15 मिनट के अंतर पर 10 से 12 शो लगाए गए हैं। किसी-किसी हॉल में तो 15 से 20 शो तक लगाए गए हैं। रात का आखिरी शो करीब 11:30 बजे का है। ज्यादातर शो लगभग फुल हो चुके हैं, जिससे साफ है कि फिल्म की ओपनिंग जोरदार रहने वाली है। धुरंधर 2 के प्रीव्यू शो को लेकर शहर के मल्टीप्लेक्स में जबरदस्त भीड़ उमड़ रही है। चाहे फन मॉल हो या वेव मॉल, हर जगह दर्शकों का उत्साह साफ नजर आ रहा है। फिल्म के पेड शो को लेकर लोगों में खासा एक्साइटमेंट देखने को मिल रहा है।

निशातगंज स्थित उमराव मॉल के इनॉक्स सिनेमा में फिल्म देखने पहुंचे दर्शकों में भी जबरदस्त जोश दिखा। सुनील ने बताया कि उन्हें धुरंधर का पहला पार्ट काफी पसंद आया था, इसलिए दूसरे पार्ट को लेकर उनका उत्साह और भी ज्यादा था। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने 460 रुपये की टिकट दो दिन पहले ही बुक कर ली थी।

# बंद घरों में चोरी करने वाले हुए गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के गोमतीनगर इलाके में पुलिस ने चोरी की कई वारदातों का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को संरक्षण में लिया है। आरोपियों के पास से करीब 31 ग्राम सोने और 2 किलो चांदी बरामद हुई है।

गोमती नगर एसीपी ने बताया- पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शहीद पथ अंडरपास के पास विनीतखण्ड सब्जी मंडी के नजदीक कुछ युवक खड़े हैं। दबिश देकर आरोपी को पकड़ा गया। जांच के दौरान सामने आया कि ये आरोपी गोमतीनगर ही नहीं, बल्कि विभूतिखंड समेत शहर के कई इलाकों में चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी के साथ रात



- **2 किलो चांदी-सोने के जेवर बरामद, नाबालिग भी गैंग में शामिल था**

में पॉश कॉलोनियों में घूमते थे। जिन घरों में ताला लगा मिलता, उनमें गेट फांदकर घुस जाते और जेवर व कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने की चेन, अंगूठी, झुमके, कंगन और लॉकेट सहित कई सामान बरामद किए हैं। इसके अलावा करीब 2 किलो चांदी के बर्तन, पायल, सिक्के भी मिले हैं। साथ ही 2900 रुपए नकद भी बरामद हुए।

**घटना : बेकाबू होकर गिरी बाइक, पैर टूटा, पत्नी और बच्ची भी घायल**

# अलीगंज में चाइनीज मांझा से युवक की गर्दन-कान कटा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में चाइनीज मांझे का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को अलीगंज थाना क्षेत्र के पुरनिया पुल पर बाइक सवार युवक मांझे की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी गर्दन बुरी तरह से कट गई। कान लगभग अलग हो गया। बाइक सहित गिरने से उसका पैर भी टूट गया। उसकी पत्नी और बच्ची भी घायल हो गई।

जानकारी के मुताबिक, केशव नगर की तरफ से एक युवक पत्नी और बच्ची के साथ बाइक पर सवार होकर कॉपी-किताब लेने निकला था। खरीदारी के बाद वे घर की ओर लौट रहे थे। अलीगंज-पुरनिया पुल पर पहुंचते ही अचानक उसके गले



**प्रत्यक्षदर्शी अब्दुल के मुताबिक, हादसे के बाद राहगीरों ने घायलों की भरसक मदद की। बिना देर किए उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। बताया गया कि इस पुल पर पहले भी चाइनीज मांझे की चपेट में कई अन्य राहगीर आ चुके हैं।**

में मांझा उलझ गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद पति-पत्नी और उनकी बच्ची सड़क पर ही गिरकर तड़पते रहे।



### बिजली के खंभे से टकराई बाइक

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मांझे की चपेट में आते ही युवक की गर्दन पर गहरा जख्म हो गया। उसका एक कान लगभग अलग हो गया। हादसे के बाद बाइक बेकाबू हो गई। सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। इससे युवक, उसकी पत्नी और बच्ची गिर गए। युवक का पैर टूट गया। पत्नी व बच्ची को भी काफी चोट आई। गनीमत रही कि पीछे से कोई अन्य वाहन नहीं आया, वरना और बड़ा हादसा हो जाता।

इसके बाद कुछ राहगीरों ने रूककर उनकी मदद की। गमछा बांधकर गर्दन का खून रोकने की कोशिश की। ई-रिक्शा रोकर तीनों को अस्पताल भेजा। किसी राहगीर ने पुलिस को भी कॉल करके घटना की जानकारी दी।

# रोजगार मेले में उमड़ी बेरोजगारों की भीड़

## 104 कंपनियों ने की हायरिंग, चैटबॉट 'कौशल दोस्त' लॉन्च

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में कौशल विकास विभाग की तरफ से आज, 18 मार्च को रोजगार मेला लगाया गया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित इस मेले में 104 कंपनियां हायरिंग की। एक दिवसीय इस मेले में 15 हजार पदों पर भर्ती होने की संभावना है। मेले में बैंकिंग, मैन्युफैक्चरिंग, प्रोडक्शन, ऑटो सेक्टर से जुड़ी कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए। युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी। राज्य मंत्री कपिल देव ने इसका उद्घाटन किया। चैटबॉट 'कौशल दोस्त' लॉन्च किया। यह चैटबॉट एआई बेस्ड है, जो बेरोजगार युवाओं को नौकरी की जानकारी से हर समय अपडेट रखेगा। रोजगार मेले में प्रदेशभर से युवा पहुंचे। उन्हें डॉक्यूमेंट्स के साथ बुलाया गया। मेले में सबसे पहले QR कोड से खुद का रजिस्ट्रेशन



करना रहा। उसके बाद टोकन लिया। टोकन के मुताबिक ही कंपनी के स्टॉल पर लाइन में खड़े हुए। इससे अव्यवस्था नहीं हुई। कौशल विकास मिशन के डायरेक्टर पुलकित खरे ने बताया- कंपनियों से पहले ही उम्मीदवारों के रहने-खाने की व्यवस्था, न्यूनतम वेतन और अन्य सुविधाओं पर सभी बिंदु तय कर लिए गए हैं। इस रोजगार मेले में कुल 120 कंपनियां शामिल हैं, जिनमें से 80 नेशनल लेवल की कंपनियां हैं, जबकि 40 कंपनियां स्थानीय मंडल में ही रोजगार उपलब्ध कराएंगी।

## जनप्रतिनिधियों ने गिनाईं विकास उपलब्धियां, लाभार्थियों को किया सम्मानित

# ‘नवनिर्माण के 9 वर्ष’ कार्यक्रम का शुभारंभ





**कार्यक्रम**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को जनपद में “नवनिर्माण के 9 वर्ष” थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद डॉ. हरिओम पांडे, कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद और मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। इस दौरान प्रदेश स्तर पर आयोजित मुख्य समारोह का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने देखा। कार्यक्रम के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में विकास प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। जनप्रतिनिधियों ने स्टॉल का उद्घाटन किया और योजनाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला, पीडी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, डीडीओ जिला समाज कल्याण अधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, उप निदेशक कृषि, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक उपायुक्त उद्योग व अन्य उपस्थित रहे।



### जनपद में विकास कार्यों की जानकारी

मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने बताया कि जनपद में बीते वर्षों में कई क्षेत्रों में काम हुआ है। सड़कों और एक्सप्रेसवे के निर्माण से कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। औद्योगिक विकास के लिए बेवाना और जलालपुर में कार्य चल रहा है।

उन्होंने बताया कि किसानों को सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। महिला समूहों को बढ़ावा दिया जा रहा है। बड़ी संख्या में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया है।

### योजनाओं की जानकारी और लाभार्थियों का सम्मान

कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, पीएम स्वनिधि, सूर्य घर योजना, नंद बाबा डेयरी योजना, वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और स्वीकृति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**विकास और सुशासन पर जोर**

> एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे ने कहा कि प्रदेश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन और सुरक्षा के क्षेत्र में काम हुआ है।
> विधायक धर्मराज निषाद ने कहा कि सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में बदलाव दिख रहा है।

# 49.25 करोड़ की सड़क और पुल परियोजनाओं का भूमि पूजन

## बिसुही नदी पर सेतु और कई मार्गों के चौड़ीकरण का कार्य शुरू

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जिले में ग्रामीण और शहरी संपर्क मार्गों को बेहतर बनाने के लिए मंगलवार को 49.25 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। भीटी कस्बा स्थित बिसुही नदी पर प्रस्तावित दीर्घ सेतु के निर्माण कार्य का भूमि पूजन एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय और कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद ने किया। बताया गया कि गोसाईगंज क्षेत्र में इस नदी पर करीब छह दशक पहले पुल बना था। अब नए सेतु के निर्माण से आवागमन में सुविधा बढ़ेगी। इसके बाद चांदपुर-चंदैनी-अशरफपुर मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का भी भूमि पूजन किया गया। यह कार्य 25.10 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। इस मार्ग के चौड़ा होने से क्षेत्रीय संपर्क बेहतर होगा।

अकबरपुर जिला मुख्यालय क्षेत्र में शहजादपुर से पहितीपुर मार्ग बाईपास तक सड़क चौड़ीकरण और सुधार कार्य का भी शिलान्यास किया गया। यह सड़क 8.47 करोड़ रुपये की लागत से करीब 2.74 किलोमीटर तक 10 मीटर चौड़ी बनाई जाएगी।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, उप परियोजना प्रबंधक रोहित अग्रवाल, सहायक अभियंता अमर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा पीके कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर प्रदीप कुमार सिंह, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजमणि सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप तिवारी, योगेंद्र सिंह, सत्येंद्र पांडे और घनश्याम सिंह भी उपस्थित रहे।

**फास्ट न्यूज**

### रेल बजट चर्चा में अंबेडकरनगर के स्टेशनों पर सुविधाएं बढ़ाने की मांग

अंबेडकरनगर। रेल बजट पर चर्चा के दौरान जिले के रेलवे स्टेशनों पर सुविधाएं बढ़ाने और प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग उठाई गई। सांसद लालजी वर्मा ने संसद में यह मुद्दा प्रमुखता से रखा।

उन्होंने कहा कि अंबेडकरनगर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को और बेहतर करने की आवश्यकता है।

### शिव बाबा मंदिर में अखंड रामायण पाठ का समापन

अंबेडकरनगर। अकबरपुर क्षेत्र से सटे शिव बाबा स्थल पर प्रभारी निरीक्षक अकबरपुर श्रीनिवास पांडे की ओर से अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कई घंटे तक चला, जिसमें श्रद्धालुओं की सहभागिता बनी रही। शनिवार को विधि-विधान के साथ हवन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

अखंड रामायण पाठ के दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा। क्षेत्र के लोग समय-समय पर पहुंचकर पाठ में शामिल हुए और पूजा-अर्चना की। समापन के अवसर पर आयोजित हवन में श्रद्धालुओं ने आहुति दी और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

### प्रधान डाकघर को बम से उड़ाने की धमकी

प्रयागराज । प्रयागराज के प्रधान डाकघर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मेल करने वाले ने लिखा कि दोपहर में ब्लास्ट होगा। डॉकघर में बना पास्पोर्ट ऑफिस भी ब्लास्ट में उड़ जाएगा। प्रधान डाकघर की बिल्डिंग उड़ाने की धमकी आने के बाद खलबली मच गई। ब्लास्ट की धमकी की बात जैसे ही फैली डाकघर मे अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद लोग, कर्मचारी इमारत से तेजी से निकलने लगे।

# पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं पर हुई बैठक

## संवाद के जरिए त्वरित निस्तारण पर दिया गया जोर




तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर के निर्देशन में बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) हरेन्द्र कुमार ने की।बैठक का उद्देश्य पुलिस पेंशनर्स के साथ संवाद बनाए रखना और उनकी समस्याओं का समय से समाधान करना रहा। इस दौरान पेंशनर्स ने अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना। संबंधित अधिकारियों को उनके निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। बैठक में पेंशन से जुड़े मामलों, चिकित्सा सुविधाओं और अन्य आवश्यक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी मामलों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# वृद्धावस्था पेंशन के आवेदन में आधार की जन्मतिथि मान्य नहीं

## आयु प्रमाण के लिए परिवार रजिस्टर या शैक्षिक प्रमाणपत्र जरूरी

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब आवेदक की आयु तय करने के लिए आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि को मान्य नहीं माना जाएगा।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि शासन स्तर से जारी निर्देश के अनुसार आवेदकों को आयु प्रमाण के लिए अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। इसमें परिवार या कुटुंब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति या फिर ऐसा शैक्षिक प्रमाणपत्र मान्य होगा, जिसमें जन्मतिथि अंकित हो।

उन्होंने कहा कि नए आवेदन करते समय इन दस्तावेजों को अनिवार्य रूप से लगाना होगा। इसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

विभाग के अनुसार आय की सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। शहरी क्षेत्रों के लिए वार्षिक आय 56,460 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 46,080 रुपये ही निर्धारित है।

यदि कोई लाभार्थी बीपीएल सूची में शामिल है, तो उसे आय प्रमाण के रूप में बीपीएल सूची की छायाप्रति लगानी होगी।

समाज कल्याण विभाग ने पात्र लोगों से अपील की है कि आवेदन करते समय निर्धारित नियमों का पालन करें, ताकि प्रक्रिया में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

# आरजेएस पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम, शिक्षा पर जोर

**आयोजन**

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। अकबरपुर के पहितीपुर रोड स्थित आरजेएस पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राम अचल राजभर ने छात्रों को पढ़ाई के साथ अनुशासन और मेहनत पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही आगे बढ़ने का रास्ता बनता है। विशिष्ट अतिथियों में रमाशंकर सिंह, प्रिया पाठक (एबीएसए कटेहरी), जेपी यादव (एसआई अकबरपुर), प्रदीप सिंह, शैलेन्द्र और डॉ. तारकेश्वर मिश्रा मौजूद रहे। सभी ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में कई शिक्षक, अभिभावक और स्थानीय लोग शामिल हुए। पत्रकार बृजेश सिंह, अमन सिंह और अरुणेश सिंह भी मौजूद रहे।

> मुख्य अतिथि राम अचल राजभर ने छात्रों को अनुशासन और परिश्रम की सीख दी

विद्यालय के प्रधानाचार्य रणन्वय सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने विद्यालय की पढ़ाई, अनुशासन और उपलब्धियों की जानकारी दी।

## 1.41 करोड़ की लागत से बनेगा भवन, जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ भूमि पूजन

# चिउटीपारा में पंचायत उत्सव भवन का हुआ शिलान्यास





तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। विकासखंड कटेहरी की ग्राम पंचायत चिउटीपारा में बुधवार को पंचायत उत्सव भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडे और कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद उपस्थित रहे। यह भवन लगभग 1.41 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। स्थानीय लोगों के अनुसार यह परियोजना श्रवण धाम क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। भवन बनने के बाद यहां सामाजिक और प्रशासनिक गतिविधियों के लिए सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम में परियोजना निदेशक डीआरडीए अनिल कुमार सिंह और जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

> विधायक धर्मराज निषाद ने कहा कि पंचायत उत्सव भवन से क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे पंचायत से जुड़े कार्यों को बेहतर तरीके से संचालित किया जा सकेगा। साथ ही सामाजिक कार्यक्रमों के लिए भी यह स्थान उपयोगी रहेगा।

### जनप्रतिनिधियों ने बताई योजनाओं की भूमिका

कार्यक्रम के दौरान एमएलसी हरिओम पांडे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। पंचायत स्तर पर ऐसे भवन बनने से स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम और बैठकों के आयोजन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गांवों तक विकास कार्य पहुंचाना है।

# गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर महिला सभा का प्रदर्शन

## महंगाई और समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर नारेबाजी

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। गैस सिलेंडर की किल्लत और बढ़ती महंगाई को लेकर सपा महिला सभा की कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। महिलाएं अंबेडकर प्रतिमा के पास धरने पर बैठीं और अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने गले में सिलेंडर के प्रतीक वाली तख्तियां टांगकर विरोध जताया। उन्होंने गैस की उपलब्धता, महंगाई और अन्य मुद्दों को लेकर नाराजगी व्यक्त की।

धरने में शामिल महिलाओं ने आरोप लगाया कि सिलेंडर की किल्लत के कारण घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसके साथ ही बढ़ती महंगाई को लेकर भी विरोध दर्ज कराया गया। महिलाओं ने इस दौरान नारेबाजी की।

प्रदर्शन में महिला सभा की जिलाध्यक्ष सीमा यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि आम लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने संबंधित समस्याओं के समाधान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहीं और अपनी बात रखी।

# 20 से 24 मार्च तक होगी सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता

## कटेहरी के देव इंद्रावती महिला महाविद्यालय में होंगे मुकाबले

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जिले में सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 24 मार्च तक किया जाएगा। यह प्रतियोगिता कटेहरी स्थित देव इंद्रावती महिला महाविद्यालय के क्रीड़ांगन में आयोजित होगी। प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य ने बताया कि राज्य स्तरीय आमंत्रण सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। जिला ओलंपिक संघ और हॉकी संघ के सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह के प्रयास से इस प्रतियोगिता का आवंटन जनपद को मिला है। उन्होंने बताया कि राजकीय स्टेडियम में 400 मीटर ट्रैक का निर्माण कार्य चल रहा है। खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता का आयोजन देव इंद्रावती महिला महाविद्यालय में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न मंडलों की कुल 10 टीमें भाग लेंगी। इसमें लखनऊ, मेरठ, सहारनपुर, गोरखपुर, वाराणसी, झांसी, अयोध्या, प्रयागराज, बरेली मंडल की टीमें शामिल होंगी। इसके साथ ही मेजबान अंबेडकरनगर की टीम भी प्रतिभाग करेगी। जिला प्रशासन द्वारा आयोजन में सहयोग दिया जा रहा है। 20 मार्च को प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जाएगा, जबकि 24 मार्च को समापन होगा। जिला क्रीड़ाधिकारी ने सभी क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारियों को अपने-अपने मंडलों की सीनियर महिला हॉकी टीमों को प्रतिभाग कराने के लिए निर्देशित किया है।

## समीक्षा : बैठक में अनुपस्थित रहने और ऑडिट अनुपालन न देने पर कार्रवाई

# 17 ग्राम पंचायत सचिवों का वेतन रोका गया

> बैठक में पूर्व निर्देश के बावजूद कई सचिव उपस्थित नहीं हुए। इसके कारण उनके कार्यक्षेत्र की ग्राम पंचायतों में लंबित ऑडिट प्रस्तरों की समीक्षा नहीं हो सकी। साथ ही, पूर्व में दिए गए निर्देशों के बावजूद संबंधित सचिवों ने अनुपालन आख्या भी उपलब्ध नहीं कराई।

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने और ऑडिट से जुड़े लंबित मामलों का अनुपालन न देने पर 17 ग्राम पंचायत सचिवों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सभी का एक दिन का वेतन रोक दिया गया है।

कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2023-24 तक के विशेष ऑडिट प्रस्तरों के अनुपालन की समीक्षा के लिए 16 मार्च 2026 को अपराह्न एक बजे बैठक बुलाई गई थी। यह बैठक जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियां एवं पंचायते के साथ आयोजित हुई।

जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पाण्डेय ने इसे पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही माना है। उन्होंने 17 ग्राम पंचायत सचिवों का 16 मार्च का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने का निर्देश दिया है। कटेहरी विकासखंड में सरिता शुक्ला, विश्वनाथ पटेल, अमरजीत वर्मा, रवींद्र कुमार चौधरी और प्रशांत पटेल पर कार्रवाई हुई है। वहीं बसखारी में शरद भारती और विनय कुमार मिश्रा का नाम शामिल है।

### समयसीमा का पालन न करने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई

आदेश में कहा गया है कि सभी संबंधित सचिव एक सप्ताह के भीतर अपने-अपने ग्राम पंचायतों से जुड़े लंबित ऑडिट प्रस्तरों का अनुपालन कर रिपोर्ट सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के माध्यम से उपलब्ध कराएं। समयसीमा का पालन न करने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जिन विकासखंडों के सचिवों पर कार्रवाई हुई है, उनमें भीटी, टांडा, कटेहरी और बसखारी शामिल हैं। भीटी में सुशील शाह, मनीष कुमार सिंह और रामप्रताप का नाम है। टांडा में रामजीत यादव, मांडवी उपाध्याय, विनय वर्मा, धीरेंद्र पासवान, इंद्र कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा और राजेश वर्मा शामिल हैं।

# पुलिस अधीक्षक ने भीटी थाने का किया औचक निरीक्षण



तमसा संकेत, संवाददाता

भीटी (अंबेडकरनगर)। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने मंगलवार को थाना भीटी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की व्यवस्था और कार्यप्रणाली की जांच की गई।

एसपी ने कार्यालय अभिलेख, मालखाना, हवालात और साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। थाना परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को कार्य समय से और मानक के अनुसार पूरा कराने के निर्देश दिए गए।

> अभिलेख, साफ-सफाई और निर्माण कार्य की जांच, बाजार में पैदल गश्त

एसपी ने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने जनसुनवाई को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ने भीटी बाजार में पैदल गश्त की। इस दौरान आम लोगों से बातचीत कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

# सम्पादकीय

## नीतीश-डीजीपी के सिपाही बनने की कहानी



बिहार में 20 सालों तक सत्ता का निर्बाध आनंद लेने के बाद नीतीश कुमार अब फिर दिल्ली की राजनीति में लौट रहे हैं। 2005 में बिहार का मुख्यमंत्री बनने से पहले नीतीश कुमार छह बार लोकसभा सांसद रह चुके हैं, लेकिन अब सातवीं बार सांसद बनने के लिए उन्होंने राज्यसभा को चुना। बिहार में नीतीश कुमार समेत एनडीए के पांचों उम्मीदवारों ने राज्यसभा चुनाव जीत लिया है। मजेदार बात ये है कि तीन विभिन्न पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्ष इनमें शामिल हैं। नीतीश कुमार जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, उपेन्द्र कुशवाहा राष्ट्रीय लोकमोर्चा के अध्यक्ष हैं और नितिन नवीन बिहार और केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। वैसे बिहार में राज्यसभा चुनावों की सबसे खास बात यही रही कि पहली बार किसी मौजूदा मुख्यमंत्री ने राज्य की सत्ता छोड़कर राज्यसभा को चुना हो। राज्य की सत्ता छोड़कर नरेन्द्र मोदी भी आए थे, लेकिन उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ा था और सामने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी थी। जबकि नीतीश कुमार ने तो इंडिया गठबंधन इसी नाम पर छोड़ा था कि उन्हें विपक्षी मोर्चे की तरफ से प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया गया था। केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री बनने के बाद नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षा अगर प्रधानमंत्री बनने की थी, तो उसमें न कुछ गलत है, न आश्चर्य है। लेकिन असली हैरानी इसी बात पर है कि आखिर राज्यसभा के लिए 20 सालों की राज्य की सत्ता को कौन ठुकराता है। अभी तो ये भी तय नहीं है कि नीतीश कुमार को कौन सा मंत्री पद मिलता है, या अगले साल उन्हें राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जाता है। वैसे इतना तो तय है कि इस समय नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने से जदयू के लोग तो खुश नहीं ही हैं, बिहार के लोगों को भी भाजपा का ये राजनीतिक खेल समझ नहीं आ रहा है, कि एकदम से उन्हें नीतीशविहीन क्यों किया जा रहा है। उनके पैतृक गांव कल्याण बिगहा में एक व्यक्ति ने बीबीसी से कहा कि यह तो डीजीपी के सिपाही बनने जैसा है। वहीं जदयू में नीतीश के पुराने साथी के सी त्यागी ने तो अब पार्टी ही छोड़ दी, जबकि बहुत से कार्यकर्ताओं ने निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की। ये मांग तो शायद ही पूरी हो, लेकिन परिवार-वाद की माला जपते हुए नीतीश कुमार ने बेटे निशांत का राजनीति में प्रवेश करा ही दिया है। निशांत कुमार क्या अपने पिता की तरह बिहार के लोगों के दिल में जगह बना पाएंगे, क्या नीतीश कुमार को किसी भी खेमे में रहने के बावजूद जो समर्थन मिलता रहा, वैसा ही समर्थन निशांत कुमार को मिलेगा, नीतीश को इसकी चिंता भी करना चाहिए। लेकिन नीतीश कु मार के लिए इस समय सबसे बड़ी चिंता बिहार में भाजपा का वर्चस्व कायम होने की होनी चाहिए। एनडीए का सहयोगी होने के बावजूद नीतीश कुमार ने भाजपा को कभी बिहार में बड़ा भाई नहीं बनने दिया था, लेकिन 2025 के चुनावों में भाजपा बड़े भाई से आगे बढ़कर मोहल्ले का दादा ही बन चुकी है। कहा जा रहा है कि अब भाजपा अपने मुख्यमंत्री बनाने का सपना पूरा कर लेगी, इसके लिए शायद पिछले साल चुनावों में ही सौदेबाजी कर ली गई थी कि जनता को दिखाने के लिए नीतीश कुमार को कुछ दिन मुख्यमंत्री बनाया जाए और फिर धीरे से उनसे ये पद ले लिया जाए। अगर इस दावे में दम है तो यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। क्योंकि अक्सर ऐसी सौदेबाजियां भष्ट तरीकों से सत्ता हासिल करने का रास्ता बनाती हैं। नीतीश कुमार के दिल्ली आने से बिहार में एक बड़ा बदलाव यह होगा कि राज्य से जे पी आंदोलन की बची-खुची यादों की भी विदाई हो जाएगी। शरद यादव रहे नहीं, लालू प्रसाद यादव भी राजनीति में कम ही सक्रिय हैं, उनकी जगह तेजस्वी ने पार्टी संभाल ली है और अब नीतीश कुमार भी पूरी तरह भाजपा के रंग में रंग चुके हैं। 2005 में जब उन्होंने लोकसभा सीट छोड़कर मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली थी तब उन्होंने सोचा भी नहीं होगा कि वे इतने लंबे समय तक राज्य की राजनीति के केंद्र में रहेंगे। 24 नवंबर 2005 को जब उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, तब उन्होंने बिहार को 'जंगलराज से बाहर निकालने का संकल्प लिया था। जिसे जनता ने हाथोंहाथ लिया। हालांकि अब जब उनकी विदाई हो रही है, तब भी हालात सुधरे नहीं हैं, बल्कि जिस सांप्रदायिक धुरवीकरण से लालू प्रसाद ने बिहार को दूर रखा, वो अब सिर चढ़कर बोल रहा है।

# पश्चिम बंगाल चुनावः सत्ता की जंग से बड़ी 'चुनाव आयोग की साख' की अग्नि परीक्षा

**"बंगाल में बदलते राजनीतिक परिदृश्य ने नए अवसर पैदा किए हैं। कभी बनर्जी को संदेह की नजर से देखने वाले शहरी बंगाली 'भद्रलोक' मतदाता अब एसआईआर के दखल को लेकर अपनी नाराजगी साझा कर रहे हैं।**



पश्चिम बंगाल की सत्ता का रण एक बार फिर सज चुका है। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य की 294 विधानसभा सीटों के लिए चुनावी बिगुल फूंक दिया है. यहां की राजनीति हमेशा से ही 'प्रतिबद्धता' और 'प्रतिरोध' की प्रयोगशाला रही है लेकिन इस बार का यह महामुकाबला केवल यह तय नहीं करेगा कि कोलकाता के ऐतिहासिक 'राइटर्स बिल्डिंग' में अगला मुख्यमंत्री कौन बैठेगा बल्कि यह भारतीय चुनाव आयोग की उस वैश्विक साख की भी सबसे बड़ी परीक्षा साबित होने वाला है जिसने 2021 के चुनाव और उसके बाद हुई भीषण हिंसा के दाग को धोने और 'हिंसा मुक्त बंगाल' का संकल्प लिया है। इस बार का चुनाव न केवल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि सुरक्षा और चुनावी प्रक्रिया के प्रबंधन के लिहाज से एक बड़ी चुनौती वाला चुनाव है। आयोग ने इस बार अपने आत्मविश्वास को दर्शाते हुए पिछले 8 चरणों के लंबे कार्यक्रम को घटाकर मात्र दो चरणों में समेटने का 'साहसिक' फैसला लिया है जो अपने आप में एक बड़ा दांव माना जा रहा है हालांकि इसका असली परिणाम 23 और 29 अप्रैल को होने वाले दोनों चरणों के मतदान की शांति और सुरक्षा से तय होगा? पश्चिम बंगाल के चुनावी इतिहास में 'हिंसा' एक ऐसा शब्द रहा है जिसने लोकतांत्रिक उत्सव को कई बार फीका किया है। 2021 के चुनाव और उसके बाद हुई हिंसा के कड़वे अनुभवों को देखते हुए इस बार चुनाव आयोग का पूरा जोर 'हिंसा मुक्त मतदान' पर है जिसके लिए पिछले सप्ताह कोलकाता का तीन दिवसीय दौरा करके मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राज्य के प्रमुख राजनीतिक दलों भाजपा, तृणमूल कांग्रेस, सीपीआई(एम), कांग्रेस और अन्य दलों से रुबरु होकर स्पष्ट संदेश दिया है कि चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हिंसा, धमकाने की कोशिशों और चुनाव कर्मचारियों को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाने का ऐलान किया है। मुख्य आयुक्त ने जोर देकर कहा कि आयोग पश्चिम बंगाल में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अब सवाल है कि क्या यह विधानसभा चुनाव राज्य के चुनावी इतिहास में 'हिंसा-मुक्त' होने का नया कीर्तिमान स्थापित कर पाएगा? हालांकि यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा लेकिन आयोग की सक्रियता ने उन मतदाताओं में भरोसा जरूर जगाया है, जो लंबे समय से शांतिपूर्ण मतदान की बाट जोह रहे हैं। एक मायने में यह चुनाव न केवल बंगाल का भविष्य तय करेगा, बल्कि भारतीय लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव कराने वाली सर्वोच्च संस्था की साख को भी पुनर्स्थापित करेगा। चुनावी कार्यक्रम के अनुसार इस बार पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को उत्तर बंगाल और जंगलमहल के इलाके की 152 सीटों और दूसर चरण में 29 अप्रैल को दक्षिण बंगाल और कोलकाता के आसपास के इलाके की 142 सीटों पर मतदान होना है। जबकि चुनाव के नतीजे चार मई को आएंगे। बंगाल की जमीन पर राजनीतिक बिसात भी दिलचस्प है. जहां चुनावी मुकाबला मुख्य रूप से सत्ताधारी टीएमसी और मुख्य विपक्षी दल भाजपा के बीच आर-पार का है, वहीं पिछले चुनाव में शून्य पर सिमटने के बाद, वाम मोर्चा और कांग्रेस वाला गठबंधन इस बार 'प्रासंगि-कता' बचाने की जंग लड़ रहा है। टीएमसी की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने चौथी बार सत्ता बरकरार रखने की बड़ी चुनौती है जिसमें टीएमसी को 'भ्रष्टाचार' के गंभीर आरोपों और 'एंटी-इनकंबेंसी' (सत्ता विरोधी लहर) से लड़ना है। सत्तापक्ष के लिए हाल ही में मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआई-आर) को लेकर उपजे विवाद भी भी किसी चुनौती से कम नहीं होगा जिसका मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंचा है। आयोग के एसआईआर और केंद्रीय फंड में हो रही कटौती को लेकर फैली बेचैनी ने बंगाल में खासतौर से टीएमसी के लिए राजनीतिक चिंताएं बढ़ा दी हैं। वहीं 2021 में 77 सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार सत्ता परिवर्तन की पुरजोर कोशिश में जुटी है। पार्टी व्यापक चुनावी रणनीति के साथ 'घुसपैठ' और 'महिला सुरक्षा' जैसे मुद्दों को आधार बना रही है, लेकिन उसे अभी भी स्थानीय स्तर पर एक सर्वमान्य मजबूत नेतृत्व और सांगठनिक एकजुटता की तलाश है। भले ही सीटों के मामले में टीएमसी आगे दिख रही हो, लेकिन वोट प्रतिशत के मामले में फासला बहुत कम रह गया है, जिसमें यह आंकड़ा बताता है कि बंगाल का मुकाबला बेहद करीबी होने वाला है। हालांकि क्या जमीन पर यह आंकड़े हकीकत में बदलेंगे या 4 मई के नतीजे कुछ और ही कहानी कहेंगे? यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। पश्चिम बंगाल के चुनावी इतिहास में 'हिंसा' एक ऐसा शब्द रहा है जिसने लोकतांत्रिक उत्सव को कई बार फीका किया है। 2021 के चुनाव और उसके बाद हुई हिंसा के कड़वे अनुभवों को देखते हुए इस बार आयोग का पूरा जोर 'हिंसा मुक्त मतदान' पर है। इसी रणनीति के तहत चुनाव आयोग चुनाव की घोषणा से पहले ही केंद्रीय बलों 480 कंपनियां राज्य में भेज चुका हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि केंद्रीय बलों का उपयोग केवल मतदान के दिन ही नहीं, बल्कि मतदाताओं में विश्वास पैदा करने के लिए बलों द्वारा एरिया डोमिनेशन और गश्त में पहले से कर रहा है। वहीं दागी अधिकारियों को लेकर भी चुनाव आयोग पूरी तरह से मुस्तैद है यानी आयोग इस बार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। इसलिए आयोग ने उन पुलिस अधिकारियों की सूची मांगी है जिन पर पिछले चुनावों में हिंसा को बढ़ावा देने या लापरवाही बरतने के आरोप लगे थे।

**ओ.पी. पाल**

## जन सुराज का...

ललित गर्ग

# दूषित जलः विकास के दावों पर एक गंभीर प्रश्न

**"दुर्भाग्य से जल गुणवत्ता के मोर्चे पर स्थिति उतनी संतोषजनक नहीं दिखाई देती। विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पेयजल के नमूनों की जांच से यह तथ्य सामने आया है कि बड़ी मात्रा में जल प्रदूषित पाया गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि लिए गए दूषित नमूनों में से केवल लगभग एक चौथाई को ही शुद्ध करने के प्रयास किए गए।**



अक्सर कहा जाता है कि जल ही जीवन है। किंतु यदि यही जल दूषित हो जाए तो क्या उसे जीवन का आधार कहा जा सकता है? सच तो यह है कि दूषित जल जीवन को बचाने के बजाय उसे संकट में डाल देता है। आज भारत सहित पूरी दुनिया में स्वच्छ जल की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। विडंबना यह है कि जिस देश में नदियों को माता का दर्जा दिया जाता है और जल को जीवन का मूल तत्व माना जाता है, वहीं करोड़ों लोग आज भी स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं। यह स्थिति केवल संसाधनों की कमी का परिणाम नहीं है, बल्कि कहीं न कहीं नीतिगत कमजोरियों, प्रशासनिक उदासीनता और विकास के असंतुलित मॉडल की भी देन है। पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार ने पेयजल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं। वर्ष 2019 में आरंभ हुआ जल जीवन मिशन इसी दिशा में एक बड़ा कदम माना गया। इस योजना का उद्देश्य था कि देश के हर ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त नदियों की स्वच्छता के लिए नमामि गंगे जैसी परियोजनाएं भी शुरू की गईं। इन योजनाओं के कारण पाइपलाइन के माध्यम से जल आपूर्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहां वर्ष 2019 में केवल लगभग 16.7 प्रतिशत ग्रामीण घरों तक नल का पानी पहुंचता था, वहीं 2024 के अंत तक यह आंकड़ा 80 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच गया। यह उपलब्धि निस्संदेह महत्वपूर्ण है, किंतु केवल पाइपलाइन बिछा देने भर से समस्या का समाधान नहीं हो जाता। असली चुनौती यह सुनिश्चित करने की है कि जो पानी घरों तक पहुंच रहा है वह वास्तव में स्वच्छ और सुरक्षित भी हो। इसका अर्थ यह हुआ कि बड़ी संख्या में लोग अब भी दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। यह स्थिति हमारे विकास के दावों की तार्किकता पर प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि जल जैसे बुनियादी संसाधन की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की जा सकती तो विकास की उपलब्धियां अधूरी ही मानी जाएंगी। पेयजल की गुणवत्ता का संकट केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। शहरी क्षेत्रों में भी यह समस्या बराबर देखने को मिलती है। महानगरों और बड़े शहरों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण, पुरानी पाइपलाइन व्यवस्था और सीवेज प्रबंधन की कमजोरियों के कारण जल स्रोत लगातार प्रदूषित हो रहे हैं। कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन और सीवर लाइन एक-दूसरे के बेहद करीब बिछी हुई हैं। समय के साथ जब ये पाइप-लाइन जर्जर हो जाती हैं तो सीवर का गंदा पानी पेयजल में मिल जाता है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो जाता है। हाल के वर्षों में कई शहरों में दूषित पानी के कारण लोगों के बीमार पड़ने और यहां तक कि मौत होने की घटनाएं सामने आई हैं। मध्यप्रदेश के इंदौर जैसे शहर में हुई ऐसी घटनाओं ने इस खतरे की गंभीरता को और स्पष्ट कर दिया है। यह विडंबना ही है कि जो शहर स्वच्छता के लिए देश में बार-बार अग्रणी स्थान प्राप्त करता रहा है, वहीं दूषित जल के कारण लोगों की जान जाने की घटनाएं सामने आती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ लंबे समय से यह चेतावनी देते रहे हैं कि अधिकांश बीमारियों की शुरुआत पेट से होती है और दूषित जल इसका सबसे बड़ा कारण बनता है। दस्त, उल्टी, टाइफाइड, हैजा और पीलिया जैसी जलजनित बीमारियां आज भी लाखों लोगों को प्रभावित कर रही हैं। इन बीमारियों का सबसे अधिक असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ता है क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कम होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सीमित होती है। ऐसे में दूषित पानी केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं रह जाता, बल्कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले लेता है। जल प्रदूषण के पीछे कई कारण हैं। औद्योगिक कचरे का बिना उपचार के नदियों और जलाशयों में छोड़ा जाना एक बड़ा कारण है। इसके अतिरिक्त शहरों से निकलने वाला अनुपचा-रित सीवेज भी बड़ी मात्रा में जल स्रोतों को प्रदूषित करता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार देश की सैकड़ों नदियों के अनेक नदी खंड जल गुणवत्ता के मानकों से नीचे पाए गए हैं। इसका अर्थ यह है कि हमारे जल स्रोत धीरे-धीरे प्रदूषण के गंभीर जाल में फंसते जा रहे हैं।

## इस किरदार को...

सुभाष शिरढोनकर

# इस बार चूक गईं भूमि पेडनेकर



शरत कटारिया के निर्देशन में बनी फिल्म 'दम लगा के हईशा' (2015) से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर की ये पहली ही फिल्म जबर्दस्त हिट थी। फिल्म को न केवल सर्वश्रेष्ठ फिल्म का रष्ट्रीय पुरस्कार मिला बल्कि भूमि को बेस्ट फीमेल डेब्यू का फिल्मफेयर अवार्ड भी मिला। उसके बाद 11 साल के करियर में भूमि ने 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' (2017), 'शुभ मंगल सावधान' (2017), 'बाला' (2019), 'पति पत्नी और वो' (2019), 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' (2019) 'भूत पार्ट वनः द हॉन्टेडशिप' (2020) 'बधाई दो' (2022) 'भक्षक' (2024) और 'मेरे हसबेंड की बीवी' (2025) जैसी कई बड़ी फिल्मों में काम करते हुए अपनी दमदार एक्टिंग से बड़े पर्दे पर एक खास जगह बनाई है। आज भूमि का नाम हिंदी सिने जगत की टॉप और वर्सेटाइल-एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। 30 जनवरी को अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई वेब सीरीज 'दलदल' (2026) में वह एक मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने में पूरी ताकत झोंक देने वाली निडर और दबंग डीसीपी रीटा फरेरा की भूमिका में थीं। इस किरदार को लेकर वह काफी सुर्खियों में रहीं। कुछ को उनका काम पसंद आया तो कुछ को वह अपने किरदार में ओव्हर एक्टिंग करते हुए लगीं। पुलिस की वर्दी में उनका चोटी वाला लुक तो किसी को भी पसंद नहीं आया। बात बात पर उनका अपने अधीनस्थ पर चीखना चिल्लाना और झल्लाना भी समझ से थोड़ा परे था। भूमि का अभिनय के प्रति गहरा जुनून है। अपने किरदार की गहराई से उतरकर उसमें प्रामाणिकता और ईमानदारी लाने की उनकी कोशिश साफ तौर पर नजर आती है। हर बार वह अपने किरदार के लिए 100 प्रतिशत देने की कोशिश करती हैं लेकिन इस बार उनसे चूक हो गई। 'दलदल' में वह थकी थकी सी नजर आईं। ऊर्जा की कमी तो उनके किरदार में साफ तौर पर परिलक्षित हो रही थी। वेब सीरीज 'दलदल' (2026) के पहले भूमि पेडनेकर ईशान खट्टर के साथ वेब सीरीज 'द रॉयल्स' (2025) में थीं जिसमें उनके कई इंटीमेट सीन्स देखे गए थे। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म 'भक्षक' (2024) में भूमि की एक्टिंग को दर्शकों से लेकर समीक्षकों ने जिस अंदाज में सराहा और पसंद किया उसके बाद से ही वह ओटीटी पर अपना नाम बनाने की कोशिशों में जुटी हैं। भूमि पेडनेकर हिंदी फिल्मों और ओटीटी के अलावा हॉलीवुड में भी अपना सिक्का आजमाना चाहती है। उन्हें लगता है कि यदि वहां उन्हैं अवसर मिले तो वह प्रियंका चौपड़ा की तरह ग्लोबल स्टार बन सकती हैं। 18 जुलाई 1989 को मुंबई में पैदा हुई भूमि पेडनेकर के पिता मराठी और मां सुमित्रा हरियाणवी हैं। भूमि जब महज 18 की थीं, उनके पिता सतीश पेडनेकर का केंसर से निधन हो गया। एक्टिंग को करियर बनाने के पहले भूमि पेडनेकर ने 6 साल तक तक यशराज फिल्म्स में कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा की असिस्टेंट के तौर पर भी काम किया। उस दौरान वह फिल्म 'पाऊडर' के लिए पंकज त्रिपाठी और फिल्म 'बैंड बाजा बारात' के लिए रणवीर सिंह व्दारा दिए गए ऑडिशन प्रॉसेस का हिस्सा थीं।

## जरा हटके

## सुप्रीम कोर्ट ने...

डॉ0 रामा तक्षक

# ईरान में औंधे मुँह गिरने पर ट्रंप के बोल - मदद करो!

28 फरवरी को शुरू हुआ ईरान का युद्ध, अब वैश्विक स्तर पर, एक समस्या बनकर खड़ा हो गया है। ईरान पर इजरायल और अमेरिका द्वारा थोपे गये युद्ध में हजारों आदमी युद्ध की बली चढ़ गए हैं। पूरा मध्य पूर्व युद्ध की चपेट में है। लगभग पूरा विश्व, अमेरिका और इजराइल को छोड़कर यह आस लगाए हैं कि युद्ध कब खत्म हो, अब खत्म हो ताकि होर्मुज की खाड़ी से तेल की सप्लाई व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। ईरान युद्ध ट्रंप के गले की फाँस बन गया है। ट्रंप ने सोचा था कि आसमान से बम गिराकर, ईरान में सत्ता परिवर्तन संभव हो जाएगा। ईरान पर कुछ बम गिरने के बाद, ईरान की जनता के सत्ता के खिलाफ खड़ी हो जाएगी जबकि ऐसा नहीं हुआ क्योंकि ईरान की जनता यह भलीभाँति जानती है कि ईरान की रिवॉल्यूशनरी गार्ड के सामने जनता का जमावड़ा, गोलियों से भून दिया जाएगा। इस जमावड़े में जिनको बंदी बना लिया जाएगा, उनके पदचिन्ह धरती से उठ जाऐंगे। मेरे अपने एक ईरानी परिचित ने व्हाट्सएप के माध्यम से बिना अपना नाम उजागर किये जाने की शर्त पर व्हाट्सएप पर यह लिख भेजा है कि हम इस सत्ता से स्वतंत्र होने का इंतजार कर रहे हैं। युद्ध की शुरुआत में, कुछ सत्ता परिवर्तन समर्थक लोग ईरान की सड़कों पर निकले थे लेकिन क्रांति का रूप न लेकर, सड़कों पर जल्द ही शांति छा गई। दो सप्ताह से अधिक समय की बमबारी और ईरान का अमेरिकी अड्डों पर मिसाइलों से उलट जवाब, होर्मुज की अग्निबाणों से नाकेबंदी से अब रजा पहलवी के बेटे को ईरान की सत्ताधारी बनने बनाने का सपना भी धराशायी हो गया है। अमेरिकी सैनिकों की ईरान की धरती पर उपस्थिति के बिना सत्ता परिवर्तन सम्भव नहीं है। सत्ता परिवर्तन की भूखी निहत्थी जनता को सैनिकों का साथ चाहिए। ईरान पर युद्ध झोंकने के बाद, ट्रंप नाटो देशों को सीधे-सीधे यह कह रहा है कि यदि इस समय तुमने मेरी मदद नहीं की तो हम इस बात को याद रखेंगे। मूलतः नाटो में यूरोप के देश हैं। रूस द्वारा यूक्रेन पर थोंपा गया युद्ध अपने चार बरस पूरे कर चुका है। यह युद्ध यूरोप के आँगन से जुड़ा है।



यूक्रेन ही नहीं यूरोप भी चार साल से इस युद्ध से उपजी विस्थापन की लहर और आर्थिक कारणों से जूझ रहा है। यूरोपीय देश किसी भी कीमत पर नहीं चाहते कि यूक्रेन पर रूस का आधिपत्य हो जाए। ईरान युद्ध पर अमेरिका का साथ देने में यूरोप की स्थिति साँप के मुँह में छछूँदर की सी है। याद रहे कि विश्व का 20 प्रतिशत कच्चा तेल होर्मुज की खाड़ी से होकर दुनियाँ भर में सप्लाई किया जाता है। ट्रम्प होर्मुज की खाड़ी में तेल टैंकरों के यातायात को ईरान के अग्निबाणों से बचाने के लिए चीन को भी ढ़ाल बनने के लिए कह रहा है। चीन ऐसा कदापि नहीं करेगा। ईरान के युद्ध से चीन मजबूत हो रहा है। ट्रम्प ने ईरान पर, युद्ध झोंकने के समय, नाटो देशों के साथ सम्पर्क नहीं किया था। नाटो देशों को इस युद्ध की कानोंकान खबर नहीं थी। इसी कारण यूरोपीय देश कह रहे हैं कि यह हमारा युद्ध नहीं है। हालाँकि ईरान युद्ध की शुरुआती के दिनों में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्ट्रामर ने अमेरिका की मदद की पहल पर ट्रम्प ने कहा हम युद्ध जीत रहे हैं। मदद की क्या जरूरत है. अमेरिका के दादा ने दुनियाँ के देशों पर, ताबड़तोड़ व्यापार कर लगाकर निचोड़ना शुरू कर दिया था। आज वही अमेरिकी दादागिरी होर्मुज की खाड़ी में सहयोग के लिए भिखारीपन पर उतरी हुई है। ट्म चीन जैसे प्रतिद्वंद्वी से सहयोग चाहता है। अमेरिकी उपभोक्ता पेट्रोल पंप पर, कारों में पेट्रोल भराते समय, महंगे दामों में पेट्रोल खरीद पर कह रहे हैं कि ईरान युद्ध में खर्च हमारी जेब से हो रहा है। यह सब हमारा पैसा है, ट्रंप का पैसा नहीं है। युद्ध विशेषज्ञों द्वारा इस युद्ध के शुरुआत के दो दिनों में हुए युद्ध खर्च का आकलन पांच बिलियन से अधिक का खर्च आँका जा रहा है। इन 18 दिनों में कितना खर्च हुआ होगा सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। ट्रंप अपने ही किये के जाल में फंस गया है। ''अमे-रिका ग्रेट अगेन'' कहकर उसने राष्ट्रपति का चुनाव जीता था और उसने यह बहुत ही शब्द स्पष्ट शब्दों में कहा था कि अब आगे से हम युद्ध नहीं लड़ेंगे। हम अमेरिका की अर्थव्यवस्था को सुधारेंगे। अमेरिका की अर्थव्यवस्था में सुधार, हमारी पहली प्राथमिकता होगी लेकिन साल भर होते ही ट्रंप ने ईरान पर दोबारा हमला कर दिया है। युद्ध जारी है। देखो ऊँट किस करवट बैठता है। यूक्रेन का राष्ट्रपति जब अमेरिका के राष्ट्रपति से मिलने व्हाइट हाउस गया था तो ट्रम्प ने उसकी बहुत बेईज्जती की थी। इतिहास में शायद ही ऐसा कोई उदाहरण मिलता हो जब एक राष्ट्रपति द्वारा दूसरे राष्ट्रपति को कैमरे के सामने बेइज्जत किया गया। उस समय ट्रंप ने बहुत कड़े शब्दों में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से कहा था।

# लोधेश्वर महादेवा कॉरिडोर निर्माण के बीच पौधारोपण की तैयारी

## वन विभाग ने घटिया निर्माण पर जताई नाराजगी

**तमसा संकेत, संवाददाता**



सूरतगंज (बाराबंकी)। ब्लॉक क्षेत्र में स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा कॉरिडोर का निर्माण कार्य इन दिनों तेजी से चल रहा है। जहां एक ओर कॉरिडोर के विकास कार्य को गति दी जा रही है, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वन विभाग भी सक्रिय नजर आ रहा है। विभाग द्वारा महादेवा से रामनगर रोड के किनारे बड़े पैमाने पर पौधारोपण की तैयारी की जा रही है, जिसके लिए ईंटों से निर्मित थालों (पौधारोपण गड्ढों) का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार शाम रामनगर वन क्षेत्राधिकारी अल्पना पांडे ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थालों की गुणवत्ता को बारीकी से परखा। इस दौरान यह पाया गया कि कई निर्माणाधीन थाले मानक के अनुरूप नहीं बनाए गए हैं। पानी की उचित तराई (क्योरिंग) न होने के कारण अधिकांश थालों में जगह-जगह दरारें पड़ चुकी थीं, जिससे उनकी मजबूती पर सवाल खड़े हो गए। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए वन क्षेत्राधिकारी ने मौके पर मौजूद ठेकेदार और संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कार्य में सुधार नहीं किया गया तो संबंधित ठेकेदार एवं जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग का कहना है कि इन थालों का निर्माण पौधों के बेहतर संरक्षण और उनकी वृद्धि के लिए किया जा रहा है, ऐसे में निर्माण की गुणवत्ता अत्यंत महत्वपूर्ण है। लापरवाही से न केवल सरकारी धन की हानि होगी।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकली भव्य रैली

## अभिभावकों को नामांकन के लिए किया जागरूक

**तमसा संकेत, संवाददाता**



सूरतगंज (बाराबंकी)। विकासखंड सूरतगंज क्षेत्र के फूलपुर गांव स्थित सरस्वती ज्ञान कुंज विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं द्वारा "स्कूल चलो अभियान" के तहत एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का उद्देश्य नए शैक्षिक सत्र में अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करना और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना था। शनिवार की सुबह विद्यालय परिसर से करीब चार सौ छात्र-छात्राओं की रैली को विद्यालय के प्रबंधक अरुण कुमार मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर सूरतगंज कस्बे के मुख्य बाजार, पुलिस चौकी एवं मुख्य चौराहे सहित विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः विद्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। वे गाजे-बाजे के साथ हाथों में तख्तियां लेकर शिक्षा के महत्व को दर्शाने वाले नारे लगा रहे थे। "आधी रोटी खाएंगे, स्कूल पढ़ने जाएंगे", "सब बच्चों की यही पुकार, शिक्षा है मेरा अधिकार", "सब पढ़े, सब बढ़े", "पढ़ी-लिखी लड़की, रोशनी घर की", "बेटा-बेटी एक समान, सबको शिक्षा सबको ज्ञान" जैसे नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मौर्य ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नामांकन अवश्य कराएं, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। रैली में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी सक्रिय रूप से शामिल रहे। इस दौरान उदित निगम, श्यामू रावत, विवेक मिश्रा, सीटी वर्मा, पूजा वर्मा, शिवानी वर्मा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# एसआई ने पूर्व सैनिक से मांगें 20 लाख

## वीडियो में एसआई ने कहा- डीसीपी को बस रुपए चाहिए

**तमसा संकेत, एजेंसी**


एसआई मानवेंद्र गंगवार

आगरा। आगरा में एक पूर्व सैनिक से मुकदमे से नाम निकालने के नाम पर SI ने 20 लाख रुपए मांगें है। पूर्व सैनिक ने इसकी शिकायत पुलिस कमिश्नर से की है। रुपए मांगने की बातचीत का वीडियो भी दिया है। वीडियो में एसआई अधिकारियों का नाम भी ले रहा है। इतना ही नहीं एसआई ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर अधिकारियों पर सवाल खड़ा कर रहा है। वीडियो में एसआई कह रहा है कि सभी लोगों के नाम निकालने के लिए 5 लाख रुपए प्रति व्यक्ति देने होंगे। डीसीपी साहब को बस रुपये चाहिए। मुझे 60 हजार में चौकी इंजार्च बना रहे थे। लेकिन मेरी दो महीने बाद शादी है, इसलिए नहीं गया। इरादत नगर थाने में 2025 में जयप्रकाश शर्मा, गजेंद्र पाल, वातेंद्र, नगेंद्र और सत्यवीर के खिलाफ जमीन पर कब्जा करने का आरोप में एफआईआर दर्ज हुई। अभी इस मामले की विवेचना एसआई मानवेंद्र गंगवार कर रहे हैं। नगेंद्र द्वारा पुलिस कमिश्नर के नाम दी शिकायत में आरोप लगाए गए हैं कि विवेचक सभी लोगों के नाम निकालने के लिए 5 लाख रुपए प्रति व्यक्ति की मांग कर रहे हैं। रुपए न देने पर आरोपी बनाते हुए एफआर लगाने की धमकी दे रहे हैं। विवेचक द्वारा रुपए की मांग के लिए कई बार बुलाया गया। फोन पर भी जल्द रुपए का इंतजाम करने की बात कही गई। नगेंद्र कुमार पूर्व सैनिक हैं।

## बिजनौर ईदगाह में सुबह 8 बजे होगी ईद की नमाज

बिजनौर। बिजनौर में ईद की नमाज की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। शहर की ईदगाह में सुबह 8 बजे नमाज अदा की जाएगी। इसके लिए नगर पालिका और ईदगाह कमेटी ने मिलकर विशेष व्यवस्थाएं की हैं। नगर पालिका परिषद ने ईदगाह के आसपास और वहां तक जाने वाले मार्गों की मरम्मत कराई है। नमाजियों की सुविधा के लिए नालों और सड़कों की विशेष साफ-सफाई का अभियान भी चलाया जा रहा है।

ईदगाह कमेटी ने भी आंतरिक साफ-सफाई का विशेष इंतजाम किया है। ईदगाह की दीवारों पर रंग-रोगन का काम पूरा हो चुका है, और नमाजियों के लिए पंक्तियों को चिह्नित करने हेतु चूना डाला गया है। नमाज के दौरान आवाज की स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए माइक की व्यवस्था भी की गई है।

ईदगाह के पास रहने वाले शहर के निवासी अरबाब रहमानी ने बताया कि ईद की नमाज के लिए सभी तैयारियां अंतिम दौर में हैं और लगभग पूरी हो चुकी हैं।

# जल अर्पण कार्यक्रम में उठी आवाज

## 'हर घर जल' योजना पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

**तमसा संकेत, संवाददाता**



सूरतगंज (बाराबंकी)। विकासखंड सूरतगंज की ग्राम पंचायत जफरपुर में बुधवार को जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना और सरकार की पेयजल योजनाओं के महत्व को समझाना था, लेकिन इस दौरान ग्रामीणों की शिकायतों ने कार्यक्रम का रुख ही बदल दिया। कार्यक्रम का संचालन डीपीएमयू बाराबंकी के आईएसए समन्वयक अतुल कुमार सिंह ने किया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण का महत्व बताते हुए अपील की कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनाई गई पेयजल परियोजनाओं को अपनी निजी संपत्ति की तरह संभालें, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संकट न उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और यदि आज हम इसके संरक्षण के प्रति गंभीर नहीं हुए, तो भविष्य में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत शिक्षा समिति अध्यक्ष आक्रोश सिंह राठौर, प्रधान प्रतिनिधि धर्मराज राजेंद्र वर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। हालांकि, ग्राम पंचायत जफरपुर के खालिसपुर गांव निवासी रवि सिंह राठौर ने बताया कि उनके गांव में पिछले कई महीनों से पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, इसी गांव के शाबान ने भी बताया कि महीनों से नलों में पानी नहीं आया है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें मजबूर होकर दूर-दराज के हैंडपंपों या निजी साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। अंकित सिंह राठौर ने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन का कार्य केवल कागजों तक सीमित है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ ग्रामीणों तक सही तरीके से नहीं पहुंच पा रहा है। इसी ग्राम पंचायत के करंधी गांव निवासी पप्पू वर्मा ने भी बताया कि उनके यहां भी पानी की सप्लाई नियमित नहीं है। वहीं मामपुर गांव के ग्रामीणों ने भी इस योजना को "छलावा" बताते हुए नाराजगी जताई और कहा कि जब पानी ही नहीं मिल रहा, तो योजना का कोई मतलब नहीं रह जाता। ग्रामीणों की इन शिकायतों ने यह स्पष्ट कर दिया कि सरकार की महत्वाकांक्षी "हर घर जल" योजना जमीनी स्तर पर कई जगहों पर अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रही है।

# पत्नी से संबंधों के शक में युवक पर एसिड अटैक

**वारदात**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर में पत्नी से अवैध संबंध के शक में पति ने एक युवक के चेहरे पर एसिड फेंक दिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने आरोपी युवक को पकड़कर पीट दिया। फिर पुलिस को मामले की सूचना दी। घायल का कहना है कि आलीशान मकान और कारोबार का झांसा देकर आरोपी ने शादी की थी। जिसके कारण उसका कई सालों से अपनी पत्नी से विवाद चल रहा है। आरोपी को शक है कि मेरा उसकी पत्नी के साथ संबंध है। इसी शक के चलते उसने यह हमला किया। पूरी मामला फीलखाना थाना क्षेत्र का है। लोगों ने आरोपी गुलफाम को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद फीलखाना पुलिस को सूचना दी गई। फीलखाना थाना क्षेत्र के पटकापुर के रहने वाले शाहिद (38) चप्पल कारखाने में काम करता है। शाहिद बुधवार शाम करीब 4 बजे अपने घर के पास मौजूद था, तभी जाजमऊ, अंबेडकर नगर का रहने वाला गुलफाम वहां पहुंचा और उससे विवाद करने लगा। आरोप है कि विवाद के दौरान ही गुलफाम ने शाहिद के चेहरे पर एसिड फेंक दिया।

## प्रारूप–1

### {(नियम–3 का उपनियम(1)}

### सामाजिक समाघात निर्धारण का प्रारम्भिक अधिसूचना

### एस0आई0ए0 अधिसूचना

संख्या 1383 /आठ–वि0भू0अ0अ0/अयो0 दिनांक 14 मार्च, 2026

राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्र के ग्राम स्तर से सम्बन्धित पंचायत से परामर्श करके निम्नांकित भूमि के अर्जन का प्रयोजन करेगी और लोक हित में सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन को क्रियान्वित करेगी। भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा–4 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत अध्ययन किया जायेगा।

- ➢ अपेक्षित निकाय का नाम–उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) लखनऊ।
- ➢ प्रस्तावित भूमि के अर्जन का उद्देश्य–गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक गलियारा परियोजना का निर्माण।
- ➢ संगठन जिसके द्वारा अध्ययन किया जायेगा– Atlas Management Consultancy Services Pvt. Limited 114/A, Ashokpuram, Opposite Road 4, Ashoknagar, Ranchi-834002, Jharkhand.
- ➢ संगठन का सम्पर्क विवरण– मो0नं0 9044488350
- ➢ भूमि का विवरण–

| क्रमांक | जिला का नाम | तहसील का नाम | परगना | ग्राम का नाम | भूखण्ड संख्या | अर्जित किये जाने वाला क्षेत्रफल (हे0में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अम्बेडकरनगर | जलालपुर | सुरहुरपुर | अजमलपुर | 199 | 0.201000 |
| 2 | | | | | 204 | 0.007990 |
| 3 | | | | | 205मि0 | 0.050000 |
| 4 | | | | | 205मि0 | 0.050000 |
| 5 | | | | | 205मि0 | 0.063000 |
| 6 | | | | | 205मि0 | 0.126000 |
| 7 | | | | | 205मि0 | 0.050000 |
| 8 | | | | | 205मि0 | 0.089000 |
| 9 | | | | | 206 | 0.172000 |
| 10 | | | | | 357/1253 | 0.001500 |
| 11 | | | | | 360 | 0.002500 |
| 12 | | | | | 363 | 0.003370 |
| 13 | | | | | 366 | 0.025000 |
| 14 | | | | | 370 | 0.026700 |
| 15 | | | | | 374 | 0.031000 |
| 16 | | | | | 391मि0 | 0.147000 |
| 17 | | | | | 393मि0 | 0.122000 |
| 18 | | | | | 402 | 0.137000 |
| 19 | | | | | 408क | 0.190000 |
| 20 | | | | | 408खमि0 | 0.076000 |
| 21 | | | | | 408खमि0 | 0.076000 |
| 22 | | | | | 410 | 0.815000 |
| 23 | | | | | 411क | 0.253000 |
| 24 | | | | | 411ख | 0.170000 |
| 25 | | | | | 413 | 0.170000 |
| 26 | | | | | 421 | 0.067812 |
| 27 | | | | | 432 | 0.042300 |
| 28 | | | | | 433क | 0.002610 |
| 29 | | | | | 437 | 0.04053 |
| 30 | | | | | 441 | 0.005500 |
| 31 | | | | | 475 | 0.172500 |
| 32 | | | | | 480मि0 | 0.063000 |
| 33 | | | | | 480मि0 | 0.027500 |
| 34 | | | | | 480मि0 | 0.070000 |
| 35 | | | | | 480मि0 | 0.070000 |
| 36 | | | | | 480मि0 | 0.070000 |
| 37 | | | | | 481मि0 | 0.063000 |
| 38 | | | | | 485 | 0.000100 |
| 39 | | | | | 491मि0 | 0.009000 |
| 40 | | | | | 495 | 0.026750 |
| 41 | | | | | 496 | 0.002000 |
| 42 | | | | | 500मि0 | 0.023000 |
| 43 | | | | | 500मि0 | 0.059000 |
| 44 | | | | | 506मि0 | 0.010000 |
| 45 | | | | | 506कमि0 | 0.006000 |
| 46 | | | | | 512 | 0.040000 |
| 47 | | | | | 513 | 0.062000 |
| 48 | | | | | 517 | 0.013200 |
| 49 | | | | | 528क | 0.044000 |
| 50 | | | | | 540 | 0.025000 |
| 51 | | | | | 541 | 0.011000 |
| 52 | | | | | 576क | 0.115000 |
| 53 | | | | | 576ख | 0.340000 |
| 54 | | | | | 576ग | 0.181000 |
| 55 | | | | | 576मि0 | 0.215000 |
| 56 | | | | | 576 | 0.190000 |
| 57 | | | | | 576च | 0.343000 |
| 58 | | | | | 578 | 0.253000 |
| 59 | | | | | 845 | 0.041000 |
| 60 | | | | | 855 | 0.003170 |
| 61 | | | | | 859क | 0.126000 |
| 62 | | | | | 859ख | 0.152000 |
| 63 | | | | | 859ग | 0.063000 |
| 64 | | | | | 859ङ | 0.200000 |
| 65 | | | | | 859च | 0.101000 |
| 66 | | | | | 863 | 0.031000 |
| 67 | | | | | 896 | 0.006000 |
| 68 | | | | | 898 | 0.538000 |
| 69 | | | | | 900 | 0.244000 |
| 70 | | | | | 904 | 0.000600 |
| 71 | | | | | 907 | 0.168000 |
| 72 | | | | | 908 | 0.301000 |
| 73 | | | | | 909 | 0.158000 |
| 74 | | | | | 910 | 0.065000 |
| 75 | | | | | 911 | 0.064000 |
| 76 | | | | | 912 | 0.064000 |
| 77 | | | | | 913 | 0.100000 |
| 78 | | | | | 915 | 0.807000 |
| 79 | | | | | 919 | 1.096000 |
| 80 | | | | | 922मि0 | 0.049000 |
| 81 | | | | | 945 | 0.387000 |
| 82 | | | | | 952 | 0.224000 |
| 83 | | | | | 953मि0 | 0.051000 |
| | | | | योग | 83 किता | 10.757632 |
| 1 | अम्बेडकरनगर | जलालपुर | सुरहुरपुर | नूरपुर कला | 717 | 0.018960 |
| 2 | | | | | 718 | 0.047000 |
| 3 | | | | | 719 | 0.036000 |
| 4 | | | | | 738 | 0.292950 |
| 5 | | | | | 778 | 0.006660 |
| 6 | | | | | 834 | 0.266000 |
| 7 | | | | | 835मि0 | 0.243000 |
| 8 | | | | | 835मि0 | 0.126000 |
| 9 | | | | | 836 | 0.120000 |
| 10 | | | | | 837 | 0.079000 |
| 11 | | | | | 840मि0 | 0.013000 |
| 12 | | | | | 842 | 0.063000 |
| 13 | | | | | 844 | 0.006000 |
| 14 | | | | | 848मि0 | 0.031000 |
| 15 | | | | | 848मि0 | 0.209000 |
| 16 | | | | | 848मि0 | 0.031000 |
| 17 | | | | | 848मि0 | 0.114000 |
| 18 | | | | | 848मि0 | 0.018000 |
| 19 | | | | | 848मि0 | 0.021000 |
| 20 | | | | | 848मि0 | 0.031000 |
| 21 | | | | | 853मि0 | 0.074000 |
| 22 | | | | | 858ख | 0.008500 |
| 23 | | | | | 863क | 0.003170 |
| 24 | | | | | 865ख | 0.021000 |
| 25 | | | | | 878 | 0.002910 |
| 26 | | | | | 879 | 0.000290 |
| 27 | | | | | 888 | 0.041700 |
| 28 | | | | | 890 | 0.047000 |
| 29 | | | | | 897 | 0.003000 |
| 30 | | | | | 925 | 0.008000 |
| 31 | | | | | 1208 | 0.007300 |
| 32 | | | | | 1229 | 0.005300 |
| 33 | | | | | 1552 | 0.000100 |
| 34 | | | | | 1560 | 0.215000 |
| 35 | | | | | 1562 | 0.002400 |
| 36 | | | | | 1571 | 0.000100 |
| 37 | | | | | 1572 | 0.000100 |
| 38 | | | | | 1583 | 0.000100 |
| 39 | | | | | 1585 | 0.004330 |
| 40 | | | | | 1586 | 0.004330 |
| 41 | | | | | 1590 | 0.013680 |
| 42 | | | | | 1595 | 0.004330 |
| 43 | | | | | 1596 | 0.004670 |
| 44 | | | | | 1599 | 0.031000 |
| 45 | | | | | 1600 | 0.063000 |
| 46 | | | | | 1602 | 0.152000 |
| 47 | | | | | 1606 | 0.019000 |
| 48 | | | | | 1607 | 0.013000 |
| 49 | | | | | 1608 | 0.025000 |
| 50 | | | | | 1609 | 0.047000 |
| 51 | | | | | 1610 | 0.063000 |
| 52 | | | | | 1611 | 0.063000 |
| 53 | | | | | 1612क | 0.063000 |
| 54 | | | | | 1612ग | 0.019000 |
| 55 | | | | | 1660ख | 0.026000 |
| 56 | | | | | 1914 | 0.147000 |
| 57 | | | | | 1915 | 0.153000 |
| 58 | | | | | 1927 | 0.012600 |
| 59 | | | | | 1939 | 0.000100 |
| 60 | | | | | 1940 | 0.010000 |
| 61 | | | | | 1943 | 0.111000 |
| 62 | | | | | 1944 | 0.036000 |
| 63 | | | | | 1948 | 0.038000 |
| 64 | | | | | 1952 | 0.051000 |
| 65 | | | | | 1959 | 0.013700 |
| 66 | | | | | 1965क | 0.329000 |
| 67 | | | | | 1966 | 0.007930 |
| 68 | | | | | 1975 | 0.110660 |
| 69 | | | | | 1979मि0 | 0.031000 |
| 70 | | | | | 1979मि0 | 0.030000 |
| 71 | | | | | 1981 | 0.000660 |
| 72 | | | | | 1984 | 0.012660 |
| 73 | | | | | 1991 | 0.002000 |
| 74 | | | | | 1992 | 0.000200 |
| 75 | | | | | 1993 | 0.000400 |
| 76 | | | | | 1994 | 0.012670 |
| 77 | | | | | 1996 | 0.014000 |
| 78 | | | | | 1996क | 0.002200 |
| 79 | | | | | 1998 | 0.003000 |
| 80 | | | | | 2002 | 0.402000 |
| 81 | | | | | 2020 | 0.067500 |
| 82 | | | | | 2033 | 0.400000 |
| 83 | | | | | 2051 | 0.003850 |
| 84 | | | | | 2052मि0 | 0.038000 |
| 85 | | | | | 2062मि0 | 0.029000 |
| 86 | | | | | 2062मि0 | 0.140000 |
| 87 | | | | | 2062मि0 | 0.029000 |
| 88 | | | | | 2062मि0 | 0.060000 |
| 89 | | | | | 2066 | 0.048000 |
| 90 | | | | | 2067 | 0.000200 |
| 91 | | | | | 2069 | 0.000030 |
| 92 | | | | | 2071 | 0.001730 |
| 93 | | | | | 2073 | 0.007500 |
| 94 | | | | | 2074 | 0.000830 |
| 95 | | | | | 2075 | 0.000040 |
| 96 | | | | | 2092 | 0.000020 |
| 97 | | | | | 2093 | 0.063000 |
| 98 | | | | | 2094 | 0.044000 |
| 99 | | | | | 2194 | 0.008670 |
| 100 | | | | | 2195 | 0.001580 |
| 101 | | | | | 2205क | 0.038000 |
| 102 | | | | | 2208 | 0.007500 |
| 103 | | | | | 2209 | 0.003900 |
| 104 | | | | | 2210 | 0.004800 |
| 105 | | | | | 2212क | 0.000760 |
| 106 | | | | | 2214क | 0.044000 |
| 107 | | | | | 2215 | 0.120000 |
| 108 | | | | | 2218 | 0.019000 |
| 109 | | | | | 2220 | 0.019000 |
| 110 | | | | | 2223 | 0.051000 |
| 111 | | | | | 2230 | 0.132000 |
| 112 | | | | | 2235 | 0.089000 |
| 113 | | | | | 2249 | 0.480000 |
| 114 | | | | | 2251 | 0.024000 |
| 115 | | | | | 2254 | 0.300000 |
| 116 | | | | योग | 116 किता | 6.63457 |
| 1 | अम्बेडकरनगर | जलालपुर | सुरहुरपुर | गौरी बड़ाह | 74 | 0.057580 |
| | | | | कुल योग | 199 किता | 17.449782 |

- ➢ प्रस्तावित परियोजना से होने वाले लाभ तथा संक्षिप्त विवरण–प्रस्तावित परियोजना प्रदेश की राजधानी से पूर्वी उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे के किनारे जनपद अम्बेडकरनगर की तहसील जलालपुर में औद्योगिक गलियारा परियोजना के निर्माण सम्बन्धी है। इस परियोजना के पूर्ण होने से रोजगार की सुगमता होगी।
- ➢ परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्रफल– प्रस्तावित परियोजना के संरेखण में जनपद अम्बेडकरनगर की रकबा 17.449782 हे0 भूमि प्रभावित हो रही है।
- ➢ क्या ग्रामसभा और/अथवा भू–सवामियों की सहमति की आवश्यकता है–प्रस्तावित निजी भूमि को अधिनियम–2013 के अन्तर्गत अर्जित किया जाना प्रस्ताविक है।
- ➢ सामाजिक समाघात निर्धारण की पूर्ण होने की स्थिति– सामाजिका समाघात निर्धारण नियमानुसार 06 माह की अवधि में पूर्ण कराया जाना अपेक्षित है।

टिप्पणीः–कलेक्टर (भूमि अर्जन परियोजनार्थ) अम्बेडकरनगर के कार्यालय में सभी कार्य दिवसों में विस्तृत विवरण देखा जा सकता है।

आज्ञा से

समुचिक सरकार/
कलेक्टर,
अम्बेडकरनगर।

UP-248493, Dt. 17.03.2026
Website : www.upgov.nic.in

# सिलेंडर के लिए 8 किमी पैदल चला युवक

## कंडों की माला पहनकर सपाइयों का प्रदर्शन, देवरिया में दिव्यांग को लौटाया

**प्रदर्शन**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी में गैस सिलेंडर की किल्लत 9वें दिन भी बरकरार है। बाराबंकी में एक व्यक्ति 8 किलोमीटर पैदल चलकर रसोई गैस लेने पहुंचा। मंगलवार आधी रात को ही वह घर से सिलेंडर के लिए लाइन लगाने निकल पड़ा।

वह अमित गैस एजेंसी के बाहर तड़के 3 बजे से लाइन में लगा रहा, ताकि किसी तरह सिलेंडर मिल सके। अरुण ने बताया कि उनके पिता कैंसर से पीड़ित हैं, जबकि मां ब्रेन हेमरेज के बाद से गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। उनके दो बेटियां हैं।

देवरिया में एक दिव्यांग गैस लेने पहुंचा, लेकिन उसे खाली हाथ लौटना पड़ा। एजेंसी ने बताया कि 12 मार्च को जिन लोगों ने बुकिंग कराई है, आज केवल उन्हीं को सिलेंडर दिए जा रहे हैं। उसने 14 मार्च को बुकिंग कराई थी, इसलिए उसे 3 दिन बाद आने के लिए कहा गया। उधर, लखीमपुर खीरी में सपा कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता सिर पर गैस सिलेंडर रखकर और गले में लकड़ी-कंडों की माला पहनकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। लोग फिर से चूल्हे और लकड़ी पर खाना बनाने को मजबूर हो रहे हैं।




### प्रयागराज में गैस एजेंसियों पर लंबी-लंबी कतारें, आधी रात से ही लग रही लाइन

प्रयागराज में गैस एजेंसियों पर जहां भारी भीड़ उमड़ रही है। गैस सिलेंडर के लिए लोग आधी रात से ही एजेंसियों पर लाइन में लग जा रहे। कई-कई घंटे तक लाइन में लगने के बावजूद लोगों को सिलेंडर नहीं मिल रहे। तमाम लोग लाइन में लगने के लिए तैयारी करके आ रहे हैं। वे अपने साथ पानी और चाय भी लेकर आ रहे।



### वाराणसी कलेक्ट्रेट पर सपा की महिला विंग का प्रदर्शन

समाजवादी पार्टी महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव रसोई गैस संकट और बढ़ती कीमतों के विरोध में सिलेंडर लेकर कलेक्ट्रेट गेट पर धरने पर बैठ गईं। महिलाओं का कहना था कि गैस सिलेंडर की किल्लत और महंगाई ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है, जिससे महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने प्रशासन के माध्यम से सरकार तक अपनी मांग पहुंचाने और गैस आपूर्ति व कीमतों पर राहत देने की मांग की।

### वाराणसी में सपा की महिला विंग ने खाली सिलेंडर पर रोटियां सेंकी

वाराणसी में सपा महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव समेत अन्य महिलाएं खाली सिलेंडर लेकर पहुंचीं। कच्ची रोटियां सेंकी। उनके साथ पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

# गोवंश काटने का आरोपी शहजाद एनकाउंटर में ढेर

## एक लाख का इनामी था, 2 सिपाही घायल

तमसा संकेत, एजेंसी


शहजाद
मृतक बदमाश

सहारनपुर । यूपी के सहारनपुर में एक लाख का इनामी बदमाश शहजाद एनकाउंटर में ढेर हो गया है। उसकी उम्र 40 साल थी और पेशेवर तरीके से गोवंश की हत्या करता था। मुठभेड़ में 2 सिपाही भी घायल हुए हैं।

यह मुठभेड़ मिर्जापुर थाना इलाके के शेरपुर गांव में मंगलवार शाम करीब 3 बजे हुई। मिर्जापुर और फतेहपुर थाने की पुलिस ने शहजाद को घेर लिया था। उसे सरेंडर करने को कहा, लेकिन उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

फायरिंग में दो सिपाही सोमेंद्र और कुलदीप घायल हो गए। दोनों के हाथ में गोली लगी है। इसके बाद पुलिस ने भी शहजाद को जवाब दिया। शहजाद गोली लगने से घायल हो गया और वह गिर पड़ा। उसे तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

घायल दोनों सिपाहियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। डीआईजी अभिषेक सिंह सिपाहियों से मिलने पहुंचे। उन्होंने एक सिपाही के कंधे पर हाथ रखकर उसे शाबाशी दी। शहजाद पर गोकशी-गैंगस्टर समेत 44 मुकदमे दर्ज हैं। वह सहारनपुर के थाना फतेहपुर क्षेत्र के गांव गंदेवडा का रहने वाला था।

डीआईजी अभिषेक सिंह ने बताया- शहजाद एक शातिर और पेशेवर गोकश था। वह कई आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।

**फास्ट न्यूज**

### कारगिल युद्ध के सैनिक से दरोगा ने 20 लाख मांगे

आगरा । आगरा में कारगिल युद्ध लड़ने वाले पूर्व सैनिक से SI ने 20 लाख रुपए की रिश्वत मांगी। जमीन कब्जे के मुकदमे से 4 लोगों का नाम हटाने के लिए पैसे मांगे। पूर्व सैनिक ने इसकी शिकायत पुलिस कमिश्नर से की है। रुपए मांगने की बातचीत का वीडियो भी दिया है। वीडियो में एसआई डीसीपी का नाम ले रहा है। कहता है कि पैसे के लिए वह गाली दे रहे हैं।

### कानपुर में गैस लेने गए बुजुर्ग जमीन पर बैठे

कानपुर । कानपुर में गैस किल्लत के बीच में एजेंसी के बाहर लंबी लंबी लाइनें लगी हुई हैं। धूप में लगी लाइनों में लोग परेशान दिखाई दे रहे हैं। वहीं, प्रशासन का दावा है गैस की आपूर्ति की जा रही है। भगवत दास इंडेन गैस एजेंसी के बाहर लगी लाइनों में खड़े हुए लोगों ने बताया- हम लोगों के फोन मे गैस डिलीवरी का मैसेज आ रहा है, लेकिन गैस नहीं मिल रही है।

वहीं, लोगों नें गैस एजेंसी के कर्मचारियों के ऊपर गैस ब्लैक करने का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है- गैस एजेंसी पर KYC के नाम पर 200 रुपए की वसूली की जा रही है।

### आगरा में विदेशी पर्यटकों की गाड़ी से हादसा

आगरा । आगरा के थाना रकाबगंज क्षेत्र में माल रोड पर मंगलवार रात को इनोवा कार से फ्रांस के पर्यटकों को लेकर जा रहे चालक को झपकी आने से हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने बाइक और स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर लिफ्ट लेकर शमसाबाद जा रहे होमगार्ड वीरेंद्र सिंह (48) की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर घायल हो गए।

# वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय का जापान की ईरिस सोल्यूशन्स से समझौता

## छात्रों को मिलेंगे वैश्विक अवसर

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय ने जापान की प्रतिष्ठित कंपनी 'ईरिस सोल्यूशन्स' के साथ प्रशिक्षण, प्लेसमेंट, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में शैक्षणिक सहयोग हेतु महत्वपूर्ण समझौता किया है। इस पहल के तहत नर्सिंग, फार्मेसी, हेल्थ साइंस, एग्रीकल्चर, एप्लाइड साइंस और होटल मैनेजमेंट सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर मिलेंगे।

डॉ. सी.वी. रमन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान कंपनी की सीईओ मिस ईरिको नोडा एवं सीओओ ईशान अग्रवाल का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया।

मिस नोडा ने भारत को उभरती वैश्विक अर्थव्यवस्था बताते हुए यहां के युवाओं की प्रतिभा की सराहना की और इस सहयोग को दोनों देशों के बीच कौशल विकास का महत्वपूर्ण कदम बताया। संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि यह समझौता छात्रों के लिए जापान में सुरक्षित एवं बेहतर करियर अवसर सुनिश्चित करेगा। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि चयनित छात्रों को अगले माह से विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे जापान में रोजगार के लिए तैयार हो सकें। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षाविद एवं अधिकारी उपस्थित रहे।




### कानपुर में रेप के बाद हुई थी बच्ची की हत्या

कानपुर । कानपुर में 11 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या कर दी गई। पोस्टमॉर्टम के बाद बुधवार सुबह बच्ची का शव जब घर पहुंचा, तो घरवालों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। पुलिस अफसर और भाजपा नेता परिवारवालों को मनाते रहे, लेकिन वे लोग राजी नहीं हुए। 8 घंटे तक हंगामे के बाद घरवाले अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। इसके बाद पुलिस और गांववालों ने शाम को खेत में जेसीबी से गड्ढा खोदकर शव दफना दिया। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया- परिजनों और गांववालों को मुकदमे में लगी धाराओं को लेकर भ्रम था। इसे उन्हें विस्तार से समझाया गया। साथ ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया। इससे पहले बुधवार दोपहर पुलिस जबरन बच्ची की बॉडी उठाकर अंतिम संस्कार कराने के लिए ले जाने लगी थी। इस पर बच्ची के माता-पिता और गांववालों ने पुलिस से शव छीन लिया था।

# एमआईटी में 33 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति चेक वितरित

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एमआईटी ग्रुप के चेयरमैन विष्णु शरण अग्रवाल ने 33 चयनित विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के चेक वितरित किए।

यह छात्रवृत्ति पिश्तिया विद्या उषा ट्रस्ट द्वारा प्रदान की गई, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता देकर उनकी शिक्षा को सुगम बनाना है। इस वर्ष बीटेक के 19, बी फार्मा के 2, बीबीए के 3 तथा बीसीए के 9 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन विष्णु शरण अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2019 में यह अनुभव किया गया कि कई प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक अभाव के कारण अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। इसी समस्या के समाधान के लिए पिश्तिया विद्या उषा ट्रस्ट की स्थापना की गई, जो निरंतर जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायता प्रदान कर रहा है।

कार्यक्रम का संचालन प्रिया चौधरी ने किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. के.एल.ए. खान, प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, फार्मेसी प्रिंसिपल डॉ. नीरज कांत शर्मा, डीन एकेडेमिक्स डॉ. गौरव शर्मा एवं अजय चौधरी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।




# प्रयागराज में बेटे के सामने पत्नी को मार डाला

तमसा संकेत, संवाददाता

प्रयागराज । प्रयागराज में पति ने पत्नी की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। हत्या के बाद पति डेडबॉडी छोड़कर फरार हो गया। वारदात की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के सामने 6 साल के बेटे ने बताया- पापा रात में मम्मी का गला दबा रहे थे। मैं जगा तो मुझे डांटकर सो जाने को कहा। महिला की पहचान संगीता देवी (32) के रूप में हुई है, जो दो मासूम बच्चों की मां थी। घटना का कारण घरेलू कलेश बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वारदात सराय इनायत थाना क्षेत्र की है।

पूरा मामला सराय इनायत थाना क्षेत्र के गांव पट्टीछीट का है। यहां शैलेश कुमार पत्नी संगीता के साथ रहता था। दोनों की 13 साल पहले शादी हुई थी। उसके दो बेटे शिवम (12 वर्ष) और सिद्धार्थ (6 वर्ष) हैं। संगीता देवी फूलपुर के शेखपुर मोहल्ले की रहने वाली थी और तीन बहनों में सबसे छोटी थी।

मंगलवार देर रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद बढ़ा तो पति ने पहले पत्नी का गला दबाया। इसके बाद धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। कमरे में चारों ओर खून के छींटे बिखर गए। मम्मी-पापा की आवाज सुनकर कमरे में सो रहे बच्चे जाग गए। बच्चों ने देखा कि पापा मम्मी का गला दबा रहे थे।


संगीता देवी, मृतक    शैलेश कुमार, आरोपी

**मासूम पुलिस से बोला- पापा ने रात में मम्मी का गला दबाया, हमें डांटा**

# चलती स्कूली बस बनी आग का गोला

## दारोगा की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। मथुरा में एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब चलती स्कूली बस अचानक आग का गोला बन गई। यह घटना बरेली हाईवे पर बाद क्षेत्र से करीब तीन किलोमीटर आगे की बताई जा रही है। बस में करीब एक दर्जन स्कूली बच्चे सवार थे, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान वीआईपी ड्यूटी से लौट रहे मांट थाने के एसआई सतेंद्र सिंह की नजर बस से उठते धुएं पर पड़ी। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए अपनी गाड़ी बस के आगे लगाकर उसे रुकवाया और स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए बिना समय गंवाए सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकलवाया। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया, लेकिन समय रहते बच्चों को बाहर निकाल लेने से बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। दारोगा सतेंद्र सिंह की सूझबूझ और बहादुरी से दर्जनों बच्चों की जान बच गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया, जबकि अभिभावकों ने राहत की सांस ली।



# धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को जन जन तक पहुंचाने में मीडिया की अहम भूमिका : अतुल कुमार

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। बलदेव में रीढ़ा स्थित श्रीमद्भागवत कथा के पावन समापन अवसर पर उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट ,उपज पत्रकार संगठन मथुरा के अध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को सत्य, धर्म और नैतिक मूल्यों की ओर प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है। अध्यक्ष ने सभी श्रद्धालुओं एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।

# मथुरा में उद्योगों की नई उड़ान, 'प्लेज पार्क' से खुलेगा रोजगार का द्वार

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के साथ-साथ औद्योगिक विकास की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। 'कान्हा की नगरी' मथुरा में सरकार की 'प्लेज' योजना के माध्यम से एक बड़े औद्योगिक हब के रूप में विकसित होने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिससे हजारों रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद है। जैंत क्षेत्र में 'वृंदावन इंडस्ट्रियल प्लेज पार्क' का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। वृंदावन डेवलपर एंड इंडस्ट्रियल प्रमोटर द्वारा 17.5 एकड़ निजी भूमि पर विकसित इस पार्क की अनुमानित लागत 4.37 करोड़ रुपये है। यहां कुल 61 प्लॉट विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) स्थापित किए जाएंगे। सरकार की इस योजना की प्रमुख विशेषता डेवलपर्स को मात्र 1% वार्षिक ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराना है। इससे औद्योगिक बुनियादी ढांचे—सड़क, बिजली और पानी—का तेजी से विकास हो रहा है। जैंत क्षेत्र की स्थिति दिल्ली-आगरा हाईवे के निकट होने के कारण निवेशकों के लिए यह स्थान बेहद अनुकूल माना जा रहा है। इस औद्योगिक क्लस्टर के विकसित होने से स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलेंगे। इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि महानगरों की ओर होने वाला पलायन भी कम होगा।

सरकार की इस पहल से वृंदावन और मथुरा अब आध्यात्मिक नगरी के साथ-साथ औद्योगिक पहचान भी स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।



## पृष्ठ 01 का शेष...

### इजरायली हमले में...

इससे पहले इजराइल के रक्षा मंत्री ने कहा था कि आज ईरान और लेबनान में 'बड़े सरप्राइज' देखने को मिलेंगे, जिसे इन हमलों से जोड़कर देखा जा रहा है।

इसके जवाब में ईरान ने खाड़ी देशों में बड़े हमलों की चेतावनी दी है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (IRGC) ने लोगों से सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (UAE) और कतर के प्रमुख तेल और गैस ठिकानों से दूर रहने को कहा है। वहीं कतर ने ईरान के गैस फील्ड पर हमले की निंदा की है।

भारतीय झंडे वाला तेल टैंकर 'जग लाडकी' गुजरात के मुंद्रा स्थित अडाणी पोर्ट्स पर पहुंच गया है। यह UAE के फुजैराह पोर्ट से होर्मुज स्ट्रेट पार करते हुए आया है।

इसपर 80,886 मीट्रिक टन(लगभग 5.8–6 लाख बैरल) कच्चा तेल लदा है। भारत में हर रोज लगभग 5.5–5.6 मिलियन बैरल (करीब 90 करोड़ लीटर) तेल की खपत होती है।

ईरान की महिला फुटबॉल टीम राष्ट्रगान विवाद के बाद अपने देश लौट आई है। रिपोर्ट के मुताबिक टीम और सपोर्ट स्टाफ के सदस्य ऑस्ट्रेलिया में टूर्नामेंट खेलने के बाद तुर्किये-ईरान के बाजरगान बॉर्डर के रास्ते वापस पहुंचे, जहां उनका स्वागत किया गया।

यह टीम उस वक्त विवाद में आ गई थी, जब खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में मैच के दौरान ईरान का राष्ट्रगान गाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद उन्हें ईरानी मीडिया में गद्दार तक कहा गया।

विवाद के बीच टीम के 6 खिलाड़ियों और एक स्टाफ सदस्य ने ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने का फैसला किया था, लेकिन बाद में इनमें से 5 खिलाड़ियों ने अपना फैसला बदल लिया और ईरान लौट आए। रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम के स्वागत के लिए तेहरान में औपचारिक समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल पर इन हमलों का आरोप लगाया गया है, हालांकि दोनों देशों की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

मिडिल-ईस्ट में जारी जंग के बीच अब तक करीब 2.6 लाख भारतीय देश वापस लौटे हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक यह वापसी 28 फरवरी से अब तक हुई है।

### सुप्रीम कोर्ट ईडी रेड...

प्रतीक जैन ही ममता बनर्जी के लिए पॉलिटिकल स्ट्रैटजी तैयार करते हैं।

कार्रवाई सुबह 6 बजे से शुरू हुई थी, लेकिन करीब 11:30 बजे के बाद मामला बढ़ा। सबसे पहले कोलकाता पुलिस कमिश्नर, प्रतीक के आवास पर पहुंचे। कुछ समय बाद सीएम ममता बनर्जी खुद लाउडन स्ट्रीट स्थित उनके घर पहुंच गईं। ममता वहां कुछ देर रुकीं। जब बाहर निकलीं, तो उनके हाथ में एक हरी फाइल दिखाई दी। इसके बाद वे I-PAC के ऑफिस भी गईं। उन्होंने कहा- गृहमंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे हैं। ED ने कहा कि पश्चिम बंगाल में 6 और दिल्ली में 4 ठिकानों पर छापेमारी की गई।

### इंदौर में ईवी ब्लास्ट...

घर में लगे डिजिटल लॉक खुल नहीं पाए, इसके कारण अंदर सो रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला।

रहवासियों ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सूचना देने के करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचीं। परिवार ने तिलक-नगर मुक्तिधाम में शवों का अंतिम संस्कार किया। एक साथ 7 चिताएं जलीं। बच्चे के शव को दफनाया गया है, जिसे बॉक्स में रखकर लाया गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्ववीट कर हादसे पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की है। एमपी के सीएम मोहन यादव ने भी हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

इंदौर में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई। परिवार ने शवों का अंतिम संस्कार कर दिया है। बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

आग में जलने से हुई मौत के बाद सभी मृतकों के शव श्मशान घाट लाए गए हैं, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

इंदौर हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद का मंजर बेहद भावुक कर देने वाला था, जब एक छोटे बच्चे का शव बॉक्स में रखकर श्मशान घाट लाया गया। यह दृश्य देख वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं।

### राहुल टपोरी की तरह ...

कंगना का यह बयान उस विवाद के बाद आया है, जिसमें 12 मार्च को संसद परिसर के मकर द्वार पर राहुल गांधी के चाय-नाश्ता करने को लेकर आलोचना हुई थी। इस मामले में 84 पूर्व ब्यूरोक्रेट्स , 116 पूर्व सैनिक और 4 वकीलों ने एक ओपन लेटर लिखकर राहुल गांधी से देश के लोगों से माफी की मांग की है।

वहीं शिवसेना (उद्धव गुट) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कंगना की टिप्पणी पर कहा- कुछ दिन पहले PM मोदी कह रहे थे कि वे कांग्रेस की महिला सांसदों से असहज महसूस कर रहे थे, इसलिए सांसद नहीं आए। अब कंगना राहुल पर बोल रही हैं।

प्रियंका ने आगे कहा- व्यक्तिगत या राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन राहुल गांधी के लिए इस तरह की बात कहना गलत है। मैंने राहुल गांधी के साथ 10 साल काम किया है। मैंने महिलाओं के प्रति उनका काम और सम्मान देखा है। उन पर इस तरह के आरोप लगाना थोड़ा अजीब है।

### योगी सरकार के ...

आज सुरक्षा, निवेश और विकास प्रदेश की पहचान हैं। पहले दंगों के लिए प्रदेश जाना जाता था आज निवेश बढ़ा है, किसान से लेकर नौजवान तक सभी को लाभ मिला है। डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में प्रदेश सुरक्षा, सुशासन और समृद्धि का नया माडल बना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ वर्ष पहले प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी, युवाओं के सामने पहचान का संकट था और किसान आत्महत्या को मजबूर थे। बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे, भर्ती निकलती थी तो विवाद और भ्रष्टाचार हावी रहता था। अब प्रदेश में त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। नवरात्र और रमजान साथ चल रहे हैं, लेकिन कहीं कोई तनाव, दंगा या कर्फ्यू नहीं है। यही बेहतर कानून-व्यवस्था और प्रभावी पुलिसिंग का प्रमाण है।

### डाकघर में बम की ...

इसमें दावा किया गया कि पासपोर्ट कार्यालय और डाकघर के वॉशरूम में 19 साइनाइड गैस बम लगाए गए हैं, जो दोपहर 2:10 बजे फटेंगे। मेल में लोगों को तुरंत बाहर निकलने और नाक-मुंह ढकने की सलाह भी दी गई थी।

### राजस्थान में एथेनॉल ...

सुखराम के बुआ के बेटे नरसीराम (26) पुत्र जोधाराम मेघवाल समय रहते टैंकर से कूद गया और उसकी जान बच गई। नरसीराम को सिंवाड़ा हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक इलाज किया गया। बाड़मेर के आथेथला निवासी बाबूराम मेघवाल ने बताया- ये टैंकर मुरलीधर कंपनी (जामनगर) का है। टैंकर भंटिडा (पंजाब) से कांडला (गुजरात) जा रहा था। इसमें एथेनॉल भरा था। मैं भी इसी कंपनी में काम करता हूं। नरसीराम और सुखराम मेरे रिश्तेदार है। भंटिडा से एक अन्य ड्राइवर भी टैंकर में था, जो गुड़ामालानी उतर गया था।

घायल नरसीराम ने बताया- मैं मामा के बेटे सुखराम के साथ गुड़ामालानी से टैंकर में बैठा था। इस दौरान सिवाड़ा के पास गाड़ी पलट गई। गाड़ी पलटते ही अचानक आग लग गई। जैसे-तैसे मैं बाहर निकल गया, लेकिन सुखराम गाड़ी में फंस गया। टैंकर में क्या था, मुझे पता नहीं है।

प्रत्यक्षदर्शी जीवाराम मेघवाल ने बताया- जहां पर हादसा हुआ, उसके पास ही मेरा खेत है। जब मैं खेत में काम कर रहा था, तभी टायर फटने जैसी आवाज आई। देखा कि एक टैंकर का अचानक बैलेंस बिगड़ गया और सर्विस रोड की तरफ पलट गया।

टैंकर का पिछला हिस्सा डिवाइडर पर टिक गया। इसी दौरान तेल का रिसाव होने लगा। ओवरब्रिज की ढलान के कारण तेल नीचे तक चला गया और आग फैल गई। करीब आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अगले हफ्ते पहुंचेंगे, 26 मार्च से शुरू होगा टूर्नामेंट

# पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा चिंता खारिज की




लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) को लेकर विदेशी खिलाड़ियों की सुरक्षा और यात्रा से जुड़ी चिंताओं को खारिज कर दिया है। बोर्ड का कहना है कि सभी इंतजाम पूरे हैं और ऑस्ट्रेलिया समेत अन्य देशों के खिलाड़ी तय कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान पहुंचेंगे। PSL का 11वां सीजन 26 मार्च से लाहौर में शुरू होगा। पहला मैच लाहौर कलंदर्स और हैदराबाद किंग्समेन के बीच खेला जाएगा। इस बार टूर्नामेंट में घरेलू खिलाड़ियों के




साथ बड़ी संख्या में विदेशी खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें खास तौर पर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर शामिल हैं। इस सीजन में स्टीव स्मिथ, डेविड वॉर्नर, एडम जाम्पा, पीटर सिडल, मार्नस लाबुशेन जैसे कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी खेलने वाले हैं।

## मिडिल ईस्ट में तनाव के चलते सुरक्षा का मामला था

हाल के दिनों में रिपोर्ट आई थी कि मिडिल ईस्ट में तनाव और अफगानिस्तान सीमा के हालात को देखते हुए कुछ खिलाड़ियों को यात्रा को लेकर सलाह दी गई है। खास तौर पर पेशावर में होने वाले मैच को लेकर बात सामने आई थी, क्योंकि यह शहर अफगान सीमा के करीब है हालांकि, PCB का कहना है कि लीग पहले भी इससे बड़े हालात में आयोजित हो चुकी है और इस बार भी सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर तैयारी की गई है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के पाकिस्तान आने को लेकर किसी तरह की चिंता नहीं है और वे अगले हफ्ते से पहुंचना शुरू कर देंगे।

## इस्लामाबाद और लाहौर के 3-3 खिताब

पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) के 2016 से 2025 तक के इतिहास में इस्लामाबाद यूनाइटेड और लाहौर कलंदर्स सबसे सफल टीमें रही हैं। दोनों ने 3-3 बार खिताब अपने नाम किया है। इस्लामाबाद यूनाइटेड ने 2016, 2018 और 2024 में ट्रॉफी जीती, जबकि लाहौर कलंदर्स ने 2022, 2023 और 2025 में चैंपियन बनने का रिकॉर्ड बनाया। इसके अलावा बाकी टीमों में मुल्तान सुल्तांस, क्वेटा ग्लैडिएटर्स, कराची किंग्स और पेशावर जाल्मी ने एक-एक बार खिताब जीता है। मुल्तान ने 2021, क्वेटा ने 2019, कराची ने 2020 और पेशावर ने 2017 में ट्रॉफी अपने नाम की।

**इसके अलावा बाकी टीमों में मुल्तान सुल्तांस, क्वेटा ग्लैडिएटर्स, कराची किंग्स और पेशावर जाल्मी ने एक-एक बार खिताब जीता है। मुल्तान ने 2021, क्वेटा ने 2019, कराची ने 2020 और पेशावर ने 2017 में ट्रॉफी अपने नाम की। और वे अगले हफ्ते से पहुंचना शुरू कर देंगे।**

# सबसे बड़ा आईपएल, इस बार 84 मुकाबले

28 मार्च को डिफेंडिंग चैम्पियन आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के मैच से शुरुआत

मुंबई, एजेंसी

ठीक 10 दिन बाद, यानी 28 मार्च की शाम जब बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में टॉस के लिए सिक्का उछलेगा, तो भारत में सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि एक 'त्योहार' की शुरुआत होगी। IPL का 19वां सीजन अपने अब तक के सबसे भव्य और लंबे अवतार में हमारे सामने आ रहा है। यह सीजन पिछले 18 सालों के इतिहास से अलग है। इस बार 10 टीमों के बीच कुल 84 मुकाबले खेले जाएंगे, जो इसे अब तक का सबसे बड़ा सीजन बनाएंगे। पहले अधिकतम 74 मैच होते थे। 10 टीमों के बीच देशभर के 13 अलग-अलग वेन्यू पर 64 दिन चौके-छक्के का रोमांच नजर आएगा। नए सीजन के लिए सभी 10 टीमों ने तैयारियां तेज कर दी हैं और प्री-सीजन ट्रेनिंग कैंप के जरिए खिलाड़ी मैच मोड में आने की



कोशिश कर रहे हैं। वर्ल्ड कप खत्म होने के ठीक 20 दिन बाद आईपीएल शुरू हो रहा है। ऐसे में बीसीसीआई और आईपीएल फ्रेंचाइजी मिलकर कई प्रमुख खिलाड़ियों के वर्कलोड पर नजर भी रख रही हैं। चेन्नई के कप्तान ऋतुराज, धोनी समेत कई खिलाड़ी 1 मार्च से नवेलूर स्थित हाई परफॉर्मेंस सेंटर में अभ्यास शुरू कर चुके हैं। वेंकटेश और सुयश शर्मा जैसे खिलाड़ी शामिल रहे। गुजरात के 16 फरवरी से नाथद्वारा में आयोजित कैंप में कप्तान शुभमन और साई सुदर्शन शामिल थे। टीम जनवरी में भी कैंप कर चुकी है।

# आईपीएल से पहले सीएसके का मेगा रीयूनियन होगा

22 मार्च को चेपॉक स्टेडियम में इवेंट, रैना-हेडन समेत कई दिग्गज जुटेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

IPL 2026 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) 22 मार्च को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में एक खास रीयूनियन कार्यक्रम करने जा रही है। इस इवेंट में टीम के कई पूर्व खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें कुछ ऐसे नाम भी हैं जो इस समय दूसरी फ्रेंचाइजी से जुड़े हुए हैं। इस रीयूनियन में मुथैया मुरलीधरन, मैथ्यू हेडन और ड्वेन ब्रावो जैसे दिग्गजों के आने की पुष्टि हो चुकी है। वहीं सुरेश रैना भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। करीब 19-20 पूर्व खिलाड़ी, मौजूदा टीम और सपोर्ट स्टाफ के साथ इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। इवेंट को लेकर शुरुआत में चर्चा थी कि कोई बड़ा ऐलान हो सकता है, लेकिन




फ्रेंचाइजी ने साफ किया है कि यह सिर्फ सीजन से पहले का फैन एंगेजमेंट कार्यक्रम है। CSK के CEO काशी विश्वनाथन ने कहा कि इसे ज्यादा बड़ा मतलब निकालने की जरूरत नहीं है। कार्यक्रम शाम 4 बजे से 9 बजे तक चलेगा और इसमें संगीतकार एआर रहमान की प्रस्तुति भी होगी। टीम ने अन्य फ्रेंचाइजी से भी संपर्क किया है ताकि उनके कोचिंग स्टाफ से जुड़े पूर्व खिलाड़ी इस दिन के लिए उपलब्ध हो सकें। आर अश्विन इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएंगे क्योंकि वह शहर से बाहर रहेंगे। वहीं संजू सैमसन और शिवम दुबे, जो हाल ही में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे, इस समय चेन्नई में चल रहे कैंप से जुड़ जाएंगे। चेन्नई सुपर किंग्स अपना IPL 2026 अभियान 30 मार्च को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शुरू करेगी। टीम का पहला होम मैच 3 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ होगा। CSK ने IPL इतिहास में अब तक कुल 5 खिताब (2010, 2011, 2018, 2021, 2023) अपने नाम किए हैं। टीम पहले ही सीजन 2008 के फाइनल में पहुंची थी। 2010 और 2011 में लगातार दो खिताब जीतकर CSK ने अपना दबदबा कायम किया।

अफ्रीकी फुटबॉल फेडरेशन ने सेनेगल की जीत रद्द की, मैच के बीच मैदान छोड़ाना गलत माना

# मोरक्को को एएफसीओएन 2025 का चैंपियन घोषित किया गया

मुंबई, एजेंसी

मोरक्को को AFCON 2025 का चैंपियन घोषित किया गया है। कॉन्फेडरेशन ऑफ अफ्रीकन फुटबॉल (CAF) ने सेनेगल की 1-0 की जीत को रद्द कर दिया है। यह फैसला 18 जनवरी को खेले गए फाइनल मैच के दौरान हुए विवाद के बाद लिया गया है। दरअसल, मैच के आखिरी समय में सेनेगल के खिलाड़ियों ने रेफरी के एक फैसले के विरोध में मैदान छोड़ दिया था,जिसे नियमों का उल्लंघन माना गया है। 18 जनवरी को खेले गए फाइनल मैच में निर्धारित समय तक स्कोर 0-0 की बराबरी पर था। स्टॉपेज टाइम (इंजुरी टाइम) में रेफरी ने मेजबान मोरक्को के पक्ष में एक पेनल्टी दी। इस फैसले से सेनेगल के खिलाड़ी नाराज हो गए और विरोध स्वरूप



मैदान से बाहर चले गए। करीब 17 मिनट तक खेल रुका रहा। बाद में खिलाड़ी वापस लौटे, मोरक्को के ब्राहिम डियाज पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए और एक्स्ट्रा टाइम में सेनेगल के पापे गुये ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से जीत दिला दी थी। मोरक्को फुटबॉल फेडरेशन (FRMF) ने मैच के नतीजों को लेकर CAF की अपील कमेटी में चुनौती दी थी। CAF ने अपनी जांच में पाया कि सेनेगल ने AFCON रेगुलेशन के आर्टिकल 82 का उल्लंघन किया है। इस नियम के मुताबिक, अगर कोई टीम रेफरी की अनुमति के बिना मैच खत्म होने से पहले मैदान छोड़ती है, तो उसे हारा हुआ माना जाता है। आर्टिकल 84 के तहत ऐसी स्थिति में विरोधी टीम को 3-0 से विजेता घोषित कर दिया जाता है। इसी आधार पर सेनेगल को अयोग्य ठहराते हुए मोरक्को को 3-0 से विजेता मान लिया गया। 2015 अफ्रीका कप में मेजबान इक्वेटो-रियल गिनी पर रेफरी फैसलों को प्रभावित करने के आरोप लगे थे।

## सेनेगल फेडरेशन की तरफ से अभी कोई कमेंट नहीं

सेनेगल फुटबॉल फेडरेशन ने अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। लेकिन उनकी नेशनल टीम के X अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट हुआ। इसमें प्लेयर्स बस परेड में ट्रॉफी के साथ सेलिब्रेट करते दिखे। साथ में 'OK' इमोजी था।



फाइनल में पापगुए (26 नंबर हरी जर्सी में) ने सेनेगल की ओर से 94वें मिनट में गोल कर टीम को जीत दिलाई थी।

## मोरक्को फेडरेशन ने कहा- यह सिर्फ नियमों की जीत

फैसला आने के बाद मोरक्को फुटबॉल फेडरेशन ने बयान जारी कर कहा कि उनकी अपील किसी टीम के प्रदर्शन को चुनौती देने के लिए नहीं थी, बल्कि टूर्नामेंट के नियमों को लागू कराने के लिए थी। फेडरेशन ने कहा,'हम नियमों के सम्मान और अफ्रीकी प्रतियोगिताओं में स्पष्टता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सभी देशों की सराहना करते हैं।'

## मनोरंजन

# पहले पार्ट से भी लंबी होगी धुरंधर 2

सेंसर बोर्ड ने 21 बदलाव करवाए, गाली वाले डायलॉग म्यूट

मुंबई, एजेंसी

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिल चुका है। 19 मार्च को रिलीज हो रही इस मोस्ट अवेटेड फिल्म को सेंसर बोर्ड से भी सर्टिफिकेट मिल चुका है। हाल ही में आई वैराइटी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, सेंसर बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म को A (एडल्ट ओनली) सर्टिफिकेट दिया है। यानी 18 साल से कम उम्र के लोग इस फिल्म को नहीं देख सकेंगे। धुरंधर के पहले पार्ट का रनटाइम 214 मिनट यानी 3 घंटे 34 मिनट था, हालांकि अब धुरंधर 2 इससे भी लंबी होने वाली है।यानी ये फिल्म 3 घंटे 49 मिनट



की होगी। इसी के साथ धुरंधर 2, बॉलीवुड की सबसे लंबी फिल्मों की लिस्ट में 6वें नंबर पर जगह बना चुकी है। फिल्म धुरंधर 2, 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। आज रात 8 बजे से इसका पेड प्रिव्यू शुरू किया जाएगा। फिल्म में रणवीर सिंह, सारा अर्जुन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल अहम किरदारों में हैं।

नोरा -संजय दत्त पर फिल्माया विवादित सॉन्ग अश्लीलता के आरोपों के बाद यूट्यूब से हटाया गया

# 'सरके चुनर' गाने पर कंगना भड़कीं

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

हिंदी फिल्म जगत की चर्चित अभिनेत्री और सांसद Kangana Ranaut ने एक बार फिर फिल्म उद्योग में बन रहे कंटेंट को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। इस बार उन्होंने फिल्म KD: The Devil के गाने 'सरके चुनर तेरी' पर तीखी आपत्ति जताई है। इस गाने में नोरा फतेही और संजय दत्त नजर आए थे। कंगना रनौत ने अपने बयान में कहा कि आजकल बॉलीवुड में अश्लीलता को खुलेआम परोसा जा रहा है, जो समाज के लिए बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि ऐसे गानों और दृश्यों पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए, क्योंकि इसका नकारात्मक प्रभाव खासकर युवाओं पर पड़ता



है। फिल्म केडीः The Devil का यह गाना जैसे ही जारी हुआ, वैसे ही विवादों में आ गया। गाने के बोल और उसके दृश्य कई लोगों को आपत्तिजनक लगे। सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में लोगों ने इसे 'अश्लील', 'अभद्र' और 'संस्कृति के खिलाफ' बताया।

**"शिकायत में कहा गया कि इस गाने में अत्यधिक अश्लीलता और यौन संकेतों का प्रयोग किया गया है, जो सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए उपयुक्त नहीं है। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि इस तरह के गाने समाज में गलत संदेश देते हैं। ट्विटर (एक्स), इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे मंचों पर इस गाने के खिलाफ तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कई उपयोगकर्ताओं ने मांग की कि ऐसे कंटेंट को तुरंत हटाया जाए और इस पर कार्रवाई हो।"**



## विरोध के बीच हटाया गया गाना

लगातार बढ़ते विरोध, शिकायतों और जांच की आशंका के बीच अंततः फिल्म के निर्माताओं को यह गाना हटाना पड़ा। 'सरके चुनर तेरी' को यूट्यूब समेत अन्य डिजिटल मंचों से हटा दिया गया है। हालांकि, इस पूरे विवाद पर अब तक फिल्म निर्माताओं की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।



## प्रमोशनल रणनीति पर असर की चर्चा

विशेषज्ञों का मानना है कि गाने को हटाए जाने से फिल्म की प्रचार रणनीति पर असर पड़ सकता है। आमतौर पर इस तरह के गाने फिल्म के प्रचार में अहम भूमिका निभाते हैं और दर्शकों को आकर्षित करने का बड़ा जरिया होते हैं।

# शाहरुख फिर करेंगे रोमांस, विंटेज लुक में नई फिल्म

क्लासिक कहानी को मॉडर्न टच के साथ पेश करेंगे

मुंबई, एजेंसी

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान एक बार फिर अपने पुराने रोमांटिक अंदाज में दर्शकों के बीच लौटने की तैयारी कर रहे हैं। हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म कींग के बाद शाहरुख एक बड़े बजट की रोमांटिक फिल्म में नजर आ सकते हैं, जिसमें उनका लुक इस बार काफी अलग और विंटेज स्टाइल का होगा। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के जरिए शाहरुख खान एक बार फिर वही जादू बिखेरने वाले हैं, जिसने उन्हें रोमांस का किंग बनाया। उनका यह नया अवतार दर्शकों को पुराने दौर की याद दिलाने के साथ-साथ एक ताजगी भरा अनुभव भी देगा। सूत्रों के अनुसार, इस फिल्म में



शाहरुख खान एक परिपक्व और गहराई वाले किरदार में नजर आएंगे। उनका यह रोल उनके करियर के उन सुनहरे दौर की याद दिलाएगा, जब उन्होंने दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है और वीर-ज़ारा जैसी सुपरहिट रोमांटिक फिल्मों में काम किया था। लंबे समय बाद वे इस शैली में वापसी करने जा रहे हैं, जिससे उनके प्रशंसकों की उत्सुकता काफी बढ़ गई है।

## फैंस को आधिकारिक घोषणा का इंतजार

अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा, तो यह फिल्म आने वाले समय में बॉलीवुड की सबसे चर्चित और बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक बन सकती है।



*रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म एक क्लासिक प्रेम कहानी पर आधारित होगी, जिसमें पुराने जमाने के भावनात्मक पहलुओं को आधुनिक तकनीक और प्रस्तुति के साथ दिखाया जाएगा। फिल्म के निर्माता इसे भव्य स्तर पर बनाने की योजना बना रहे हैं, ताकि दर्शकों को एक शानदार सिनेमाई अनुभव मिल सके। फिल्म की कहानी में इमोशंस, रिश्तों की गहराई और सच्चे प्रेम की झलक देखने को मिलेगी, जो आज के दौर के दर्शकों को भी जोड़ने का प्रयास करेगी।*

# एलपीजी सिलेंडर की कमी पर अक्षय कुमार ने दिया रिएक्शन

पत्नी ट्विंकल ने 2 इंडक्शन ऑर्डर किए, कहा- अभी तक तो कोई प्रॉब्लम नहीं है

नई दिल्ली, एजेंसी

ईरान-इजरायल जंग के बीच भारत में LPG सिलेंडर की किल्लत हो गई है। देश में कमर्शियल सिलेंडर पर रोक लगा दी गई, जिससे आम जनता के बीच भी सिलेंडर के लिए मारामारी हो रही है। इसी बीच एक्टर अक्षय कुमार ने इस किल्लत पर रिएक्शन दिया है। उनका कहना है कि उनकी पत्नी ट्विंकल खन्ना ने खबर मिलते ही इंडक्शन खरीद लिया है। अक्षय कुमार मंगलवार को बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी की प्रेस कॉन्फ्रेंस का हिस्सा बने थे। इस दौरान उनसे गैस सिलेंडर की किल्लत होने पर सवाल किया गया, तो एक्टर ने कहा, "तो मेरी पत्नी ने परसों, देखिए, अभी तक तो कोई समस्या



नहीं है। लेकिन जो नया ओवन आया है, जो इंडक्शन जैसा है, तो हमने दो खरीद लिए हैं। तो आप भी खरीद लीजिए।" जब एक्टर से पूछा गया कि क्या वो इंडक्शन उनके घर पहुंच गया है, तो एक्टर ने कहा, "फिलहाल तो मुझे यह नहीं पता, लेकिन मुझे इतना मालूम है कि मेरी पत्नी ने उसे ऑर्डर कर दिया है। वह घर पर पहुंचा है या नहीं, यह मुझे अभी तक पता नहीं है।" बता दें कि अक्षय कुमार के पास इन दिनों कई बड़ी फिल्में हैं। वो जल्द ही फिल्म भूत बंगला में नजर आएंगे, जो एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। 2 अप्रैल को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, तब्बू, परेश रावल और राजपाल यादव अहम किरदारों में हैं। इसके अलावा अक्षय वेलकम टू द जंगल, हेरा फेरी 3 और हैवान में भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा अक्षय ने हाल ही में रोहित शेट्टी की गोलमाल फ्रैंचाइली की 5वीं फिल्म गोलमाल भी शुरू कर दी है। जब एक्टर से पूछा गया कि क्या वो इंडक्शन उनके घर पहुंच गया है, तो एक्टर ने कहा, "फिलहाल तो मुझे यह नहीं पता, लेकिन मुझे इतना मालूम है कि मेरी पत्नी ने उसे ऑर्डर कर दिया है।

# पाकिस्तान को सस्ता तेल देने को तैयार रूस

## बोला- वो खुद बात करे, पाक के पास सिर्फ 11 दिन का ऑयल रिजर्व

**सप्लाई**

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में रूसी राजदूत अल्बर्ट खोरेव ने कहा है कि रूस पाकिस्तान को सस्ता तेल देने के लिए तैयार है। लेकिन अभी तक पाकिस्तान की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक मांग नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान खुद पहल करता है, तो रूस उसे कम कीमत पर तेल सप्लाई कर सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूसी कच्चे तेल की कीमत करीब 70 से 76 डॉलर प्रति बैरल है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में यही कीमत 95 से 105 डॉलर प्रति बैरल के बीच है। वहीं, पाकिस्तान के पेट्रोलियम सचिव ने संसद की एक समिति को बताया कि देश के पास फिलहाल सिर्फ 11 दिन



का कच्चा तेल बचा है। वहीं, पैट्रोल 321 PKR (पाकिस्तानी रुपए) और डीजल 335 PKR प्रति लीटर मिल रहा है। डीजल की कीमत 88 डॉलर से बढ़कर 187 डॉलर और पेट्रोल 74 डॉलर से बढ़कर 130 डॉलर तक पहुंच गया है। पहले जहां तेल 4-5 दिन में पहुंच जाता था, अब रेड सी के रास्ते आने में करीब 12 दिन लग रहे हैं। रूस ने 2023 में भी पाकिस्तान को ऑयल सप्लाई की थी। तब जून 2023 में पहला जहाज कराची पहुंचा था। उस समय यह डील उतनी फायदेमंद साबित नहीं हुई, जितनी उम्मीद की जा रही थी। पाकिस्तान की रिफाइनरियों को रूसी तेल प्रोसेस करने में दिक्कत आई, क्योंकि इससे पेट्रोल और डीजल कम निकलता था और फर्नेस ऑयल ज्यादा बनता था। इसके अलावा रूस से तेल लाने में दूरी ज्यादा होने के कारण शिपिंग खर्च भी बढ़ गया।

### पाकिस्तान में कतर से आने वाली गैस सप्लाई बंद



अधिकारियों ने यह भी बताया कि कतर से आने वाली गैस सप्लाई लगभग बंद हो गई है। मार्च में आने वाले 8 LNG कार्गो में से सिर्फ 2 ही पहुंचे, जबकि अप्रैल में भी आधे से ज्यादा कार्गो नहीं पहुंच सकते। ऐसे में गैस की सप्लाई घट सकती है और सरकार घरेलू इस्तेमाल के लिए गैस बचाने पर विचार कर रही है। हालात को संभालने के लिए पाकिस्तानी सरकार ने 23 अरब पाकिस्तानी रुपए की सब्सिडी देने का फैसला किया है, जो मोटरसाइकिल और रिक्शा चलाने वाले करीब 3 करोड़ लोगों को दी जाएगी। यह पैसा सरकार की बचत से दिया जाएगा, जो खर्च कम करने की पॉलिसी से आया है। सरकार रोजाना तेल के स्टॉक पर नजर रख रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि देश में अभी तेल की सप्लाई ठीक है और लोगों को बेवजह पेट्रोल जमा करने की जरूरत नहीं है। सरकार ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर कोई जमाखोरी की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



पाकिस्तान को रोजाना लगभग 5 से 6 लाख बैरल कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की जरूरत पड़ती है।

### पाकिस्तान होर्मुज से तेल लाने के लिए ईरान से बात कर रहा

पाकिस्तान सरकार ईरान से बात कर रही है ताकि होर्मुज स्ट्रेट से तेल लाने की इजाजत मिल सके। अगर मंजूरी मिलती है, तो पाकिस्तान के चार जहाज इस रास्ते से तेल ला सकते हैं। साथ ही अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि 14 अप्रैल के बाद देश में गैस की भारी कमी हो सकती है, क्योंकि LNG की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। पाकिस्तान का करीब 70% तेल मिडिल ईस्ट से आता है, लेकिन जंग के कारण शिपिंग रूट और सप्लाई चेन पर असर पड़ा है। तेल की कीमतें भी तेजी से बढ़ी हैं।

# सेंसेक्स में 633 अंक चढ़कर 76,704 पर बंद

## निफ्टी में भी 197 अंक की तेजी, 23,778 पर आया

**मुंबई, एजेंसी**



शेयर बाजार में आज यानी 18 मार्च को तेजी रही। सेंसेक्स करीब 633 अंक (0.83%) चढ़कर 76,704 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 197 अंक (0.83%) की तेजी रही, यह 23,778 के स्तर पर पहुंच गया है। आज IT और रियल्टी शेयरों में खरीदारी दिखी। SBI म्यूचुअल फंड ने अर्बन कंपनी में एडिशनल हिस्सेदारी खरीदी है। इसके बाद आज कंपनी के शेयर में 10% की तेजी रही। ये 122 रुपए के करीब बंद हुआ। एग्रोकेमिकल कंपनी GSP क्रॉप साइंस के IPO का आज आखिरी दिन है। ये IPO 16 मार्च को ओपन हुआ था। इसमें मिनिमम 14,720 रुपए लगाने होंगे। 18 मार्च को शेयर बाजार में बढ़त रही थी। सेंसेंक्स 568 अंक की तेजी के साथ 76,071 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 172 अंक की बढ़त रही, ये 23,581 पर बंद हुआ था। साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 5.04% चढ़कर 5,925 पर बंद हुआ। जापान का निक्केई इंडेक्स 2.87% चढ़कर 55,239 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.61% चढ़कर 26,025 पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.32% ऊपर 4,062 पर बंद हुआ। SBI म्यूचुअल फंड ने अर्बन कंपनी में एडिशनल हिस्सेदारी खरीदी है। इसके बाद आज कंपनी के शेयर में 10% की तेजी रही। ये 122 रुपए के करीब बंद हुआ।

**फास्ट न्यूज**

### चीन जा रहे रूसी तेल टैंकर का यू-टर्न

नई दिल्ली। ईरान में युद्ध के कारण मध्य पूर्व से कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक बड़ा भू-राज-नीतिक और व्यापारिक बदलाव देखने को मिल रहा है। अमेरिका की भारत को रूसी तेल की खरीद बढ़ाने की अस्थायी छूट दिए जाने के बाद, चीन की ओर जा रहे कई एक रूसी तेल टैंकर बीच रास्ते में ही अपना मार्ग बदलकर भारत का रुख कर लिया है।

### मार्च के पहले हफ्ते में एलपीजी की खपत 17% घटी

नई दिल्ली। देश भर में मार्च के पहले हफ्ते में लिक्विफाइट पेट्रोलियम गैस(LPG) की खपत 17% घटी है। ये असर वेस्ट एशिया में बने जंग के हालातों की वजह से हुआ है। 90% मार्केट शेयर वाली 3 सरकारी कंपनियों के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में LPG की खपत कम हुई है। मार्च की इस अवधि में LPG की खपत 1.147 मिलियन टन रही, जबकि पिछले साल इसी समय में ये 1.387 मिलियन टन थी।

### रिलायंस-एचडीएफसी सहित 5 बीमा कंपनियों पर 8 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली। सरकार ने गलत तरीके से पॉलिसी बेचने और नियमों के उल्लंघन के मामले में रिलायंस जनरल इंश्योरेंस, HDFC लाइफ और SBI लाइफ जैसी 5 बड़ी कंपनियों पर करीब 8 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही, इंश्योरेंस मार्केट का दायरा बढ़ाने के लिए सरकार अब 25,000 ग्राम पंचायतों को बीमा कवरेज के दायरे में लाने की तैयारी कर रही है।

# खालिस्तान समर्थकों का भारत विरोधी प्रदर्शन

## इंडियन प्रोडक्ट का बायकॉट करने का ऐलान

**लुधियान, एजेंसी**

खालिस्तान समर्थक कनाडा और अमेरिका में भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे हैं। अमेरिका में सिख फॉर जस्टिस से जुड़े समर्थकों ने अमेरिका में प्रदर्शन किया और भारत विरोधी नारे लगाए। खालिस्तान समर्थकों ने किल मोदी पॉलिटक के नारे लगाए। वहीं कुछ दिन पहले किए गए प्रदर्शन के दौरान खालिस्तान समर्थकों ने इंडियन प्रोडक्ट के साथ-साथ इंडियन एयरलाइंस, शॉप्स व आउटलेट का बायकॉट करने का ऐलान भी किया। अमेरिका में इन दिनों खालिस्तान समर्थक खालिस्तान रेफरेंडम करवा रहे हैं और इसके लिए अलग-अलग शहरों में प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान वो भारत विरोधी नारे लगाकर लोगों को अपने रेफरेंडम (जनमत संग्रह) में शामिल होने की अपील भी कर रहे



हैं। खालिस्तान समर्थक अमेरिका में भारत विरोधी प्रदर्शनों के वीडियो शेयर कर रहे हैं और लोगों को खालिस्तान मूवमेंट से जुड़ने को कह रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ अमेरिका में रहने वाले सिख समुदाय के लोग खालिस्तान समर्थकों की इन गतिविधियों का पाकिस्तान समर्थित बताकर विरोध भी कर रहे हैं। यह वीडियो खालिस्तान समर्थक हरनेक सिंह ने अपने X-अकाउंट पर पोस्ट किया है। इसके अलावा अन्य लोगों ने भी इस वीडियो को पोस्ट करके इसे पाकिस्तान का एजेंडा बताया है।

## ट्रम्प बोले- क्यूबा को हासिल करके रहूंगा, 65 साल से दोनों देशों के संबंध खराब

# वेनेजुएला-ईरान के बाद क्यूबा पर हमला कर सकता है अमेरिका

**हवाना, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह 'क्यूबा को अपने कब्जे में लेने' का इरादा रखते हैं। उन्होंने कहा, "किसी न किसी रूप में क्यूबा को लूंगा चाहे मैं उसे आजाद करूं या अपने नियंत्रण में ले लूं। मैं उसके साथ कुछ भी कर सकता हूं।" न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प के इस बयान को काफी चौंकाने वाला माना जा रहा है। अमेरिका के इतिहास में कई राष्ट्रपति क्यूबा के साथ तनावपूर्ण रिश्तों में रहे हैं, लेकिन किसी ने भी इस तरह खुलेतौर पर क्यूबा पर कब्जा करने की बात नहीं कही थी। इस साल



ट्रम्प पहले ही वेनेजुएला और ईरान में सैन्य कार्रवाई कर चुके हैं। ऐसे में उनके बयान को सिर्फ मजाक या अचानक कही गई बात नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे एक संभावित अगला कदम समझा जा रहा है। अमेरिका और क्यूबा के संबंध 65 साल से खराब चल रहे हैं। इसका असर क्यूबा में साफ दिख रहा है। 9 जनवरी के बाद से वहां कोई बड़ी तेल सप्लाई नहीं पहुंची है। वहां हालात तेजी से खराब हो रहे हैं। क्यूबा के ब्लैक मार्केट में पेट्रोल करीब 35 डॉलर प्रति गैलन तक पहुंच गया है रोजाना बिजली कट रही है।

### ट्रम्प से डील की कोशिश कर रहा क्यूबा

क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज-कैनेल ने हाल ही में देश को संबोधित करते हुए माना कि अमेरिका से बातचीत चल रही है और जल्द ही अर्थव्यवस्था खोलने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। साथ ही खबर यह भी है कि अमेरिका चाहता है कि क्यूबा के राष्ट्रपति पद से डियाज-कैनेल हटें। हालांकि, अमेरिका फिलहाल कास्त्रो परिवार के खिलाफ सीधी कार्रवाई की बात नहीं कर रहा है। यह रणनीति वैसी ही है जैसी वेनेजुएला में अपनाई गई थी। यानी ट्रम्प क्यूबा में सरकार बदलने के बजाय उसे अपने हिसाब से चलने के लिए मजबूर करना चाहते हैं।

### अमेरिका ने क्यूबा को होने वाली तेल सप्लाई रोकी

ट्रम्प ने इससे पहले रविवार को एयर फोर्स वन में भी कहा था, "मैं क्यूबा को संभाल रहा हूं जल्द ही हम कोई डील करेंगे या जो करना होगा करेंगे।" उन्होंने यह भी साफ किया कि उनकी प्राथमिकता पहले ईरान है, उसके बाद क्यूबा। असल में, अमेरिका पहले से ही क्यूबा पर दबाव बना रहा है। जनवरी से अमेरिका ने क्यूबा को हो रही तेल सप्लाई को लगभग रोक दिया है। दूसरे देशों को भी चेतावनी दी जा रही है कि वे क्यूबा को तेल न दें। हाल ही में अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने कोलंबिया से क्यूबा जा रहे एक तेल टैंकर को भी रोक लिया।



### रूस बोला- जरूरत पड़ी तो क्यूबा की मदद करेंगे

इस बीच रूस ने संकेत दिया है कि वह जरूरत पड़ने पर क्यूबा का समर्थन कर सकता है। दोनों देशों के अधिकारी लगातार संपर्क में हैं। क्यूबा में आर्थिक सुधार की भी शुरुआत दिख रही है। वहां के एक वरिष्ठ अधिकारी ने ऐलान किया है कि विदेश में रहने वाले क्यूबाई लोग अब देश में निवेश कर सकेंगे, बैंकिंग कर सकेंगे और कारोबार कर सकेंगे।

# कनाडा में पंजाबी युवक की गोली मारकर हत्या

## दोस्तों के साथ लॉन्ग ड्राइव पर निकला था, गर्दन में लगी गोली

**जालंधर, एजेंसी**

कनाडा में पंजाबी युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एडमॉन्टन शहर के पास लेड्यूक इलाके में हमलावरों ने हाईवे-2 पर उसकी कार को घेरा। इसके बाक उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। मृतक की पहचान बीरइंदर सिंह (22) के रूप में हुई है, जो स्टडी वीजा पर कनाडा गया था। पुलिस के अनुसार, वह ओंटारियो में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद हाल ही में अल्बर्टा प्रांत में कंस्ट्रक्शन सेक्टर में काम कर रहा था। घटना 14 मार्च को हुई। बीरइंदर माता-पिता का इकलौते बेटा था। दोस्तों ने बीरइंदर के पार्थिव शरीर को भारत भेजने के लिए गो फंड मी पेज बनाया था, जिसके जरिए जरूरी फंड जुटा लिया



गया है ताकि उनके माता-पिता आखिरी बार अपने बेटे का चेहरा देख सकें। बीरइंदर सिंह 3 साल पहले कनाडा गया था और पिछले 5 महीनों से एडमॉन्टन में रह रहा था। वह वहां कंस्ट्रक्शन का काम करता था। बीरइंदर अपना खुद का बिजनेस शुरू करने का सपना देख रहा था। 14 मार्च को बीरइंदर अपने 2 बचपन के दोस्तों के साथ पहली बार बैनफ घूमने जा रहा था। पुलिस ने बताया कि दोपहर लगभग 2:50 बीरइंदर अपनी होंडा सिविक कार चला रहा था। तभी एक सफेद पिकअप ट्रक उनकी कार के बगल में आया। ट्रक सवार 2 लोगों ने पहले बीरइंदर की तरफ दोस्ती का इशारा किया। जब बीरइंदर ने जवाब में वैसा ही इशारा किया, तो ट्रक सवारों ने अपनी खिड़की नीचे की और उस पर गोली चला दी। (शनिवार की) दोपहर लगभग 2:50 बजे उसे गोलियां मारी गईं। यह वारदात एडमॉन्टन के दक्षिण में स्थित हाईवे 2 पर हुई। गोली बीरइंदर की गर्दन में लगी। उनके दोस्तों ने कार पर नियंत्रण पाकर उसे सड़क किनारे रोका और मदद के लिए पुलिस को काल की, लेकिन ज्यादा खून बहने के कारण बीरइंदर की मौके पर ही मौत हो गई।

## सर्वे 31% ऑपरेटर्स ने शराब बिक्री में गिरावट की बात कही

# अमेरिका में शराब की खपत घटी, कमाई पर बड़ा झटका

**वॉशिंगटन/न्यूयॉर्क, एजेंसी**

अमेरिका में शराब की खपत में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिसका सीधा असर रेस्तरां उद्योग पर पड़ रहा है। वर्ष 2025 के गैलप सर्वे के अनुसार, अब केवल 54 प्रतिशत अमेरिकी ही शराब का सेवन करते हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में काफी कम है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि जो लोग शराब पीते भी हैं, वे पहले की तुलना में कम मात्रा में सेवन कर रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक इसके पीछे स्वास्थ्य को लेकर बढ़ती जागरूकता और शराब की कीमतों में तेजी से हुई बढ़ोतरी प्रमुख कारण हैं। टेक्नोमिक की वर्ष 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, पहले शराब के



सबसे बड़े उपभोक्ता माने जाने वाले मिलेनियल्स (31-45 वर्ष) अब इससे दूरी बना रहे हैं। वहीं नई पीढ़ी यानी जेन-जी इस कमी को पूरा नहीं कर पा रही है। जेन-जी युवाओं का रुझान अलग नजर आ रहा है। वे रेस्तरां में अक्सर केवल एक ड्रिंक तक सीमित रहते हैं और अधिकतर समय सोशल मीडिया के लिए फोटो या वीडियो बनाने में बिताते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि महंगाई और अन्य विकल्पों की उपलब्धता के कारण यह पीढ़ी शराब पर खर्च करने से बच रही है। जनवरी 2025 में Vivek Murthy द्वारा जारी रिपोर्ट में हल्की या मध्यम मात्रा में शराब के सेवन को भी कैंसर के खतरे से जोड़ा गया। इसके बाद लोगों में जागरूकता और बढ़ी है। इसके अलावा, बदलती जीवनशैली और स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती सतर्कता भी शराब की खपत में कमी की अहम वजह मानी जा रही है।

### बढ़ती कीमतों और बेरोजगारी का असर

शराब की कीमतों में बढ़ोतरी ने भी युवाओं की जेब पर सीधा असर डाला है। लॉस एंजिल्स के एक व्यवसायी के अनुसार, जहां पहले व्हिस्की और बीयर करीब 8 डॉलर (लगभग 730 रुपये) में मिल जाती थी, वहीं अब इसकी कीमत बढ़कर 20 डॉलर (करीब 1800 रुपये) तक पहुंच गई है।

### रेस्तरां कारोबार पर सीधा असर

शराब की खपत में कमी का सबसे बड़ा असर होटल और रेस्तरां उद्योग पर देखा जा रहा है। वर्ष 2025 में करीब 31 प्रतिशत रेस्तरां संचालकों ने शराब की बिक्री में भारी गिरावट की बात स्वीकार की। न्यू जर्सी के मोंटक्लेयर शहर में रेस्तरां चलाने वाले व्यवसायी डेमन वाइज के अनुसार, पहले उनके व्यवसाय में कमाई का अनुपात 40 प्रतिशत भोजन और 60 प्रतिशत शराब का था। समय के साथ यह संतुलन बदलकर 50-50 हुआ और अब स्थिति यह है कि 70 प्रतिशत आय भोजन से और केवल 30 प्रतिशत शराब से हो रही है।

## गिरावट : सोना ₹4,778 गिरकर ₹1.55 लाख पर आया, ईरान जंग का असर

# चांदी तीन दिन में ₹18,138 सस्ती, ₹2.50 लाख पर आई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने-चांदी की कीमतों में आज गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, एक किलो चांदी की कीमत 2,177 रुपए घटकर 2.50 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2.52 लाख रुपए किलो थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 143 रुपए गिरकर 1.55 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 17 मार्च को सोना 1.56 लाख रुपए प्रति 10g था। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना तीन दिन में 4,778 और चांदी 18,138 सस्ती हुई है।



आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग हैः मिडिल ईस्ट जंग के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाह रहे हैं। वे अपने गोल्ड और सिल्वर को बेचकर 'कैश' इकट्ठा कर रहे हैं ताकि अनिश्चितता के समय उनके पास लिक्विड मनी रहे। जनवरी में कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थीं, इसलिए बड़े निवेशकों ने ऊंचे दामों पर अपनी होल्डिंग बेचना शुरू कर दिया, जिससे बाजार में सप्लाई बढ़ गई और कीमतें गिर गईं।

### ज्वेलर्स से सोना खरीदते समय इन 2 बातों का रखें ध्यान

**1. सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें :** हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- AZ4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है।

**2. कीमत क्रॉस चेक करें :** सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

### अलग-अलग शहरों में सोने के दाम अलग होने की 4 वजहें

* **ट्रांसपोर्टेशन और सिक्योरिटीः** सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं।
* **खरीदारी की मात्रा :** दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40%) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। इससे मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है।
* **लोकल ज्वेलरी एसोसिएशनः** हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिए-शन (जैसे तमिलनाडु में मद्रास ज्वेलर्स एसोसिएशन) होते हैं। ये संगठन स्थानीय मांग और सप्लाई के आधार पर अपने इलाके के लिए सोने का रेट तय करते हैं।
* **पुराना स्टॉक और खरीद मूल्यः** ज्वेलर्स ने अपना स्टॉक किस रेट पर खरीदा है, यह भी मायने रखता है। जिन ज्वेलर्स के पास पुराने और सस्ते रेट पर खरीदा हुआ स्टॉक होता है, वे ग्राहकों से कम कीमत वसूल सकते हैं।

# घरेलू उड़ानों में 60% सीटें फ्री में चुन सकेंगे

## फैमिली और ग्रुप को एक साथ बैठाना होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अब फ्लाइट में सफर करने के लिए आप अपनी पंसद की सीट फ्री में सिलेक्ट कर सकेंगे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय (MoCA) ने आज 18 मार्च को एयरलाइंस कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि घरेलू फ्लाइट्स में कम से कम 60% सीटें फ्री सिलेक्शन के लिए रखी जाएं। अभी तक एयर-लाइंस कंपनियां वेब चेक-इन के दौरान करीब 3 हजार रुपए तक वसूलती थीं। नए नियमों के बाद यात्रियों को पसंदीदा सीट चुनने के लिए एक्स्ट्रा चार्ज नहीं देना होगा। अक्सर देखा जाता है कि टिकट बुकिंग के बाद जब यात्री वेब चेक-इन करते हैं, तो उन्हें फ्री सीट के नाम पर केवल 20% ऑप्शन ही मिलते थे। बाकी सीटों के लिए कंपनियां 'प्रेफर्ड सीट' के नाम पर भारी वसूली करती थीं।



DGCA के नए आदेश के मुताबिक, अब हर फ्लाइट में 60% सीटें ऐसी होनी चाहिए, जिन्हें यात्री बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के चुन सकें। भारत का घरेलू विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और अब यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मार्केट है। भारतीय एयरपोर्ट्स पर हर दिन 5 लाख से ज्यादा यात्री सफर करते हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुविधा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए एयरपोर्ट्स पर किफायती खाने के लिए 'उड़ान यात्री कैफे' और फ्री वाई-फाई जैसी सुविधाएं भी बढ़ाई जा रही हैं।

**तमसा संकेत**

tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533

R.N.I. NO. 64107/96